रोहतक
सोमवार, 24 नवंबर 2025
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 295
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 29.1
न्यून. 7.4

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



07 भारत ने जीता पहला दृष्टिबाधित टी20 महिला क्रिकेट विश्व कप

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी राम मंदिर में कल करेंगे ध्वजारोहण



**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या एक बार फिर अपने भव्य और ऐतिहासिक उत्सव के लिए पूरी तरह तैयार है। 25 नवंबर को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में होने वाले ध्वजारोहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। पीएम मोदी मंदिर के शिखर पर ध्वज फहराएंगे। मंदिर परिसर और पूरे शहर में तैयारियों का माहौल उत्साहपूर्ण है। *एजेंसी*

### दिल्ली में 262 करोड़ की 328 किलो ड्रग पकड़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की संयुक्त टीम ने राजधानी में एक बड़े ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ किया है। टीम ने 328 किलो मेथामफेटामाइन जब्त की, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 262 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस कार्रवाई में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। *एजेंसी*

### बहरीन से आ रही उड़ान को 'बम की धमकी'




**हैदराबाद।** हैदराबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बहरीन से आ रही एक उड़ान को रविवार को बम की धमकी मिलने की वजह से मुंबई की ओर मोड़ दिया गया, जहां उसे सुरक्षित उतार लिया गया। विमान की जांच के बाद अंततः बम की धमकी झूठी साबित हुई। अधिकारी ने बताया, सुरक्षा जांच की गई और कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। *एजेंसी*

### अमीरों की लिस्ट में नीचे फिसले जेफ बेजोस



**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे अमीर हस्तियों की लिस्ट में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। फोर्ब्स की रियल-टाइम बिलियनायर्स लिस्ट के मुताबिक, गूगल के सह-संस्थापक लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन अब दुनिया के टॉप-5 सबसे अमीर लोगों में शामिल हो गए हैं। गूगल के नए एआई मॉडल जेमिनी 3की धमाकेदार सफलता ने उनकी संपत्ति में तेज बढ़ोतरी की है। लैरी पेज ने अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस को पीछे छोड़कर दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति का स्थान हासिल कर लिया। *एजेंसी*

## जी-20 में 20 ग्लोबल लीडर्स से मिले पीएम, दुनिया को चेताया

# एआई के गलत इस्तेमाल पर रोक लगाना जरूरी : मोदी

- अपराध और आतंकवाद में इसका इस्तेमाल खतरनाक
- एआई पर अंतरराष्ट्रीय समझौता होना जरूरी
- समय रहते कदम उठाने की जरूरत
- पूरी दुनिया को मिलकर काम करना होगा



**एजेंसी ▶▶| जोहान्सबर्ग**

पीएम मोदी ने जोहान्सबर्ग में हो रहे जी-20 समिट के दौरान दुनिया के 20 ग्लोबल लीडर्स से मुलाकात की। इनमें इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों समेत कई बड़े अंतरराष्ट्रीय नेता शामिल रहे। मोदी ने रविवार को समिट के तीसरे सेशन में दुनिया को एआई के गलत इस्तेमाल को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इससे दुनिया को बहुत बड़ा नुकसान हो सकता है, इसलिए सभी देशों को मिलकर इसके लिए मजबूत नियम-कानून बनाने चाहिए। मोदी ने कहा कि एआई पर एक ग्लोबल कॉम्पैक्ट (यानी अंतरराष्ट्रीय समझौता) होना जरूरी है। इसमें तीन चीजें सबसे जरूरी होंगी। निगरानी, सुरक्षा और पारदर्शिता। उन्होंने खास तौर पर चेतावनी दी कि डीपफेक वीडियो-ऑडियो, अपराध और आतंकवाद में एआई का इस्तेमाल बहुत खतरनाक है। मोदी ने कहा कि अगर अभी कदम नहीं उठाए गए, तो एआई का गलत इस्तेमाल समाज के लिए बड़ी समस्या बन सकता है। इसलिए समय रहते पूरी दुनिया को एकजुट होकर कार्रवाई करनी चाहिए। *(पेज 5 भी देखें)*

- टेक्नोलॉजी, स्किल डेवलपमेंट पर हुई चर्चा

### द.अफ्रीका बोला-ट्रंप को समिट का सम्मान करना चाहिए था

दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री रोनाल्ड लामोला ने कहा कि अमेरिका जी-20 का सदस्य है, उसे समिट में अपनी मौजूदगी दिखानी चाहिए थी। यह एक लीडर्स समिट है, इसमें इसमें राष्ट्रपति या फिर कोई मंत्री शामिल होना चाहिए। दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका के साथ उनका कोई राजनयिक विवाद नहीं है। लेकिन जी-20 जैसे मंच पर किसी जूनियर अधिकारी को भेजकर हैंडओवर नहीं किया जा सकता। यह कोई विवाद नहीं, बल्कि सम्मान का सवाल है।

**अमेरिका की आपत्ति के बाद भी संयुक्त घोषणा पत्र पारित**

### मोदी-रामफोसा की द्विपक्षीय बैठक

पीएम मोदी ने रविवार को जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इससे पहले मोदी ने बताया था कि, कल जी-20 शिखर सम्मेलन की बैठक अच्छी रही। उन्होंने कहा, 'मैंने दो सत्रों में भाग लिया और प्रमुख मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।' मोदी ने एक्स पर बताया कि, 'जोहान्सबर्ग में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति रामफोसा के साथ शानदार बैठक हुई। हमने भारत-दक्षिण अफ्रीका साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा की, विशेष रूप से ट्रेड, कल्चर, इंवेस्टमेंट और टेक्नोलॉजी, स्किल डेवलपमेंट, एआई, रेयर अर्थ मेटल में सहयोग में विविधता लाने पर।' इसके साथ ही मोदी ने जी-20 की सफल अध्यक्षता के लिए राष्ट्रपति रामफोसा को बधाई दी।



### जी-20 में पहली बार नहीं हुई मेजबानी हैंडओवर

साउथ अफ्रीका में 20वां जी-20 समिट रविवार को बिना औपचारिक हैंडओवर के समाप्त हो गया। साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने किसी अमेरिकी अधिकारी को गवेल (अध्यक्षता का प्रतीक हथौड़ा) नहीं सौंपा। विदेश मंत्री रोनाल्ड लामोला ने कहा कि आज कोई औपचारिक हैंडओवर सेरेमनी नहीं होगी। अमेरिका चाहे तो सोमवार से दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्रालय के दफ्तर से जी-20 से जुड़े दस्तावेज ले सकता है। इसके बाद व्हाइट हाउस की डिप्टी सेकेट्री अन्ना केली ने आरोप लगाया कि साउथ अफ्रीका ने जी-20 का औपचारिक हैंडओवर नहीं कर गलत किया है।

## दिल्ली धमाका : जांच में खुला राज

# उमर को जमात से 40 लाख मिले थे, हिसाब गड़बड़ हुआ तो मुजम्मिल से हुआ झगड़ा

**पुलिस ने फरीदाबाद में मस्जिद, घर, होटल और गोदाम भी खंगाले**

**फरीदाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** दिल्ली में 10 नवंबर को हुए कार ब्लास्ट में शामिल सुसाइड बॉम्बर डॉ. उमर और डॉ. मुजम्मिल के बीच 40 लाख रुपये को लेकर झगड़ा हुआ था। फंडिंग जमात की तरफ से हुई थी। इसी पैसे से सामान खरीदने में हुए खर्च को लेकर उमर और मुजम्मिल की बीच तनाव था। एनआईए टीम यूनिवर्सिटी के पास की मस्जिद के मौलवी इश्तियाक को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इसे ही जमात के जरिए कई लाख रुपये मिले थे, जिसका इस्तेमाल मुजम्मिल ने ब्लास्ट के लिए सामान खरीदने में किया था। सूत्रों के मुताबिक इन्हीं पैसों में हेरफेर को लेकर मुजम्मिल और उमर के बीच तनाव था। इधर, फरीदाबाद में पुलिस ने धौज गांव समेत 4 थाना क्षेत्रों में शनिवार को सर्च अभियान चलाया। पुलिस टीम ने दिनभर मस्जिदों, दुकानों, होटलों, घरों व गोदामों में चेकिंग की।

### आरोपी की एनआईए हेडक्वार्टर में वकील से मिलने की अर्जी मंजूर



दिल्ली की एक कोर्ट ने को लाल किला ब्लास्ट केस के आरोपी जसीर बिलाल वानी की नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी हेडक्वार्टर में अपने वकील से मिलने की अर्जी मंजूर कर ली। शुक्रवार को, दिल्ली हाईकोर्ट ने आरोपी की अर्जी मंजूर करने का ऑर्डर देने से यह कहते हुए मना कर दिया कि वह ट्रायल कोर्ट द्वारा उसकी अर्जी खारिज करने का कोई ऑर्डर नहीं दिखा सका।

### हर आतंकी अलग हैंडलर को रिपोर्ट कर रहा

इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया मॉड्यूल का हर आरोपी एक अलग हैंडलर को रिपोर्ट कर रहा था। मुजम्मिल का हैंडलर अलग था, जबकि ब्लास्ट करने वाला उमर दूसरे हैंडलर को रिपोर्ट कर रहा था। दो खास हैंडलर मंसूर और हाशिम एक सीनियर हैंडलर इब्राहिम के अंडर काम कर रहे थे, जो मॉड्यूल की पूरी एक्टिविटीज को सुपरवाइज कर रहा था। ये सभी हैंडलर लेयर्स में काम कर रहे थे।

## आज जस्टिस सूर्यकांत बनेंगे देश के 53वें सीजेआई

# विदाई समारोह में जस्टिस गवई ने कहा-रिटायरमेंट के बाद नहीं लूंगा कोई पद

***दिल्ली में ही रहूंगा और आदिवासियों के लिए काम करूंगा***



बीआर गवई

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई ने रिटायरमेंट के बाद कोई पद न लेने का ऐलान किया है। अपने विदाई समारोह में चीफ जस्टिस ने कई मुद्दों पर खुलकर अपने विचार रखे और कुछ पर टिप्पणी करने से इनकार भी किया। भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई से रविवार को रिटायर हो गए। उन्होंने कहा कि वे आदिवासियों के लिए काम करेंगे और दिल्ली में ही रहेंगे। गवई ने कहा कि अगर चीफ जस्टिस सरकार के पक्ष में कोई फैसला देते हैं तो वह स्वतंत्र जज नहीं हैं, यह कहना गलत है। एससी, एसटी के लिए आरक्षण में भी क्रीमी लेयर की व्यवस्था लागू करने की जरूरत है।

### शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में



जस्टिस सूर्यकांत 24 नवंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट के 53वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ लेंगे। नए सीजेआई काशपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में होगा। हिसार में 10 फरवरी, 1962 को मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे न्यायमूर्ति सूर्यकांत एक छोटे शहर के वकील से देश के सर्वोच्च न्यायिक पद तक पहुंचे हैं। वह संवैधानिक मामलों के कई फैसलों और आदेशों का हिस्सा रहे हैं।

### स्कूल के पास 161 जिलेटिन रॉड और 20 किलो विस्फोटक मिला

**अल्मोड़ा (एजेंसी)।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में स्कूल के पास 161 जिलेटिन रॉड और 20 किलो से ज्यादा विस्फोटक मिलने के बाद पुलिस अलर्ट हो गई है। वहीं, स्कूल के पास विस्फोटक बरामद होने से कई सवाल उठे हैं। पुलिस ने जांच तेज कर दी है। आसपास के लोगों से पूछताछ भी की गई है। अल्मोड़ा के सल्ट क्षेत्र के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डभरा परिसर में 161 संदिग्ध जिलेटिन रॉड बरामद होने के बाद पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। इस घटना से अब यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या यह जिलेटिन किसी सड़क निर्माण कार्य के लिए रखी गई थी या फिर इसके पीछे कोई और उद्देश्य छिपा है।

### बिजनेस आवर्स एक घंटा बढ़ा, अब 10 घंटे खुलेंगे व्यापारिक प्रतिष्ठान

**नई दिल्ली।** हरियाणा सरकार ने शॉप्स एंड कॉमर्शियल स्टेब्लिशमेंट एक्ट (1958) में संशोधन किया है। इस संशोधन के बाद प्रदेश में बिजनेस आवर्स 9 से बढ़ाकर 10 घंटे किए गए हैं। साथ ही कर्मचारियों के हर तिमाही मिलने वाले ओवर टाइम में भी बढ़ोतरी की है। बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों के लिए कड़े मानक बनाए गए हैं। इसके तहत अब कर्मचारियों को नौकरी से पहले नियुक्ति पत्र और पहचान पत्र देने जरूरी होंगे। गवर्नर असीम घोष ने हरियाणा शॉप्स एंड कॉमर्शियल स्टेब्लिशमेंट एक्ट में किए गए संशोधन को लेकर एक अध्यादेश जारी कर दिया है। सरकार के सूत्रों का कहना है कि इस अध्यादेश को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पारित कराया जाएगा।

- कर्मचारियों के हर तिमाही मिलने वाले ओवर टाइम में भी बढ़ोतरी, विधानसभा के शीत सत्र में पेश होगा अध्यादेश

# केएल राहुल बने कप्तान, जडेजा की लंबे समय बाद हुई वापसी



पहला वन डे मैच 30 नवंबर को रांची में होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम अभी साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रही है। इसके बाद दोनों टीमों के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएंगी। इसके लिए भारतीय स्क्वाड का ऐलान कर दिया गया है। कप्तानी की जिम्मेदारी केएल राहुल को सौंपी गई है। स्क्वाड में युवा और अनुभवी प्लेयर्स को चांस मिला है। स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की लंबे समय बाद वापसी हुई है। भारतीय टीम के नियमित वनडे कप्तान शुभमन गिल इस सीरीज में चोटिल होने की वजह से नहीं खेल रहे हैं। उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ गर्दन में ऐंठन का सामना करना पड़ा था।

**सीरीज के लिए भारतीय स्क्वाड का ऐलान**

# सोनीपत में बाप-बेटे की हत्या का मुख्य आरोपी एनकाउंटर में ढेर

- केएमपी एक्सप्रेसवे के पास पुलिस और आरोपितों के बीच हुई मुठभेड़, एक फरार
- बदमाश के पेट, छाती और पैर में 6 गोलियां लगी
- खानपुर मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत
- करनाल के छापर गांव के शुभम के रूप में हुई पहचान
- मौके से एक बैग, दो पिस्टल और एक जिंदा कारतूस मिला



**खरखौदा (हरिभूमि न्यूज)।** गोपालपुर निवासी पिता-पुत्र की सामूहिक हत्या के मुख्य आरोपितों से रविवार दोपहर पुलिस की मुठभेड़ हो गई। यह मुठभेड़ केएमपी एक्सप्रेस-वे के पास गोपालपुर से आईएमटी मार्ग की तरफ जाने वाले रास्ते पर हुई। पुलिस को देखते ही आरोपितों ने भागने का प्रयास किया और फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक आरोपित शुभम गोली लगने से ढेर हो गया, जबकि उसका साथी मनीष मौके से फरार हो गया। शुभम करनाल जिले के छापर गांव का रहने वाला था। 24 अक्तूबर को मुकदमे की तारीख पर कोर्ट जाते समय थाना कला चौक पर गांव गोपालपुर निवासी मोहित और उनके पिता धर्मबीर की गोलियों से हत्या कर दी गई थी। घटना के मुख्य आरोपित लगातार फरार चल रहे थे। रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित आईएमटी मार्ग के निकट मौजूद हैं। बाइक पर जा रहे आरोपितों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने पिस्तौल निकालकर गोलीबारी शुरू कर दी।



**गोपालपुर हत्याकांड**

### आरोपितों ने भी पुलिस पर चलाई गोलियां

पुलिस के अनुसार आरोपितों की ओर से चली गोलियां दोनों टीमों के प्रभारियों की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगीं। बाद में पुलिस की जवाबी फायरिंग में शुभम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले खरखौदा के सरकारी अस्पताल और फिर खानपुर के महिला मेडिकल कॉलेज में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर डीसीपी नरेंद्र कादियान, आतंकवाद निरोधक दस्ता हरियाणा के प्रभारी एसीपी अजीत सिंह और एसीपी राजदीप मौके पर पहुंचे। फील्ड यूनिट ने घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए, जबकि पुलिस अब फरार चल रहे मनीष की तलाश तेज कर चुकी है।

## संघ प्रमुख बोले-भगवत गीता विश्व के लिए शाश्वत मार्गदर्शन

# गीता को अपनाएंगे तो भारत विश्व गुरु बनने को अग्रसर होगा : भागवत

**एजेंसी ▶▶| लखनऊ**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को लखनऊ में गीता प्रेरणा महोत्सव में कहा कि भारत कभी पूरे विश्व का विश्व गुरु था और दुनिया के लिए बड़ा सहारा बना रहा, लेकिन पिछले 1000 वर्षों में आक्रमणकारियों के पैरों तले रौंदा गया। ये सब था। तब भी यह भारतवर्ष था। संघ प्रमुख ने लोगों से गीता का अध्ययन करने, उसका अर्थ समझने और धीरे-धीरे उसकी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगर हम गीता को अपनाएंगे, तो हमारा जीवन बदलेगा, समाज बदलेगा और भारत पुनः विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि हम यहां इसलिए हैं क्योंकि गीता को केवल सुनाना नहीं, बल्कि उसे जीना है।



### आरएसएस को कोई फंड नहीं देता, बल्कि समाज के सहयोग से चल रहा

धर्म की राह में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए भारत ने हमेशा त्याग और समर्पण किया है। फल की चिंता किए बगैर कर्म करना चाहिए। आरएसएस को कोई ओपेक देश, इंटरनेशनल चर्च फंड नहीं देता, बल्कि संघ समाज के सहयोग से चल रहा है। भारत ने कभी भी नहीं कहा कि हमारी ही उपासना विधि सबसे अधिक श्रेष्ठ है। हमने सब कुछ होते हुए भी कभी भी अपनी श्रेष्ठता का डंका नहीं पीटा।

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिर हुई पाकिस्तान की किरकिरी

# फ्रांस ने खोली पाक की पोल, कहा- राफेल मार गिराने का दावा पूरी तरह झूठा और खोखला

**फ्रांस नेवी ने कहा- ऐसा कोई इंटरव्यू नहीं दिया**

**नई दिल्ली (हरिभूमि न्यूज)।** पाकिस्तान की एक बार फिर इंटरनेशनल फजीहत हुई है। सैन्य संघर्ष 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान राफेल गिराने को लेकर झूठे दावे करने वाले पाकिस्तान की पोल एक बार फिर खुल गई। इस बार फ्रांसीसी नेवी ने पाकिस्तान मीडिया के दावे को सिरे से नकार दिया। फ्रेंच नेवी ने रविवार को अपने बयान में कहा कि पाकिस्तानी मीडिया का यह दावा कि फ्रेंच कमांडर ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राफेल जेट्स गिराने की बात कही है, वह पूरी तरह गलत व मनगढ़ंत है। फ्रेंच कमांडर ने कहीं भी कभी भी ऐसा कोई इंटरव्यू दिया ही नहीं।

*फ्रेंच नेवी के अनुसार कैप्टन लॉनै सिर्फ लैंडिविसिउ स्थित नौसैनिक एयर स्टेशन के कमांडर हैं। उनका इंडिया पाकिस्तान संघर्ष से कोई ऑपरेशनल संबंध नहीं। उन्होंने सम्मेलन में केवल राफेल मरीन की तकनीकी क्षमताओं पर बात की।*

### फ्रांस ने कहा-पूरी कहानी मनगढ़ंत

फ्रेंच नेवी ने स्पष्ट किया कि जिस अधिकारी का नाम जैक्विस लॉने बताया गया, उनका वास्तविक नाम कैप्टन युआन लॉने है। उन्होंने कभी कोई इंटरव्यू नहीं दिया, और न ही किसी बयान के प्रकाशन की अनुमति दी। जीओ टीवी की रिपोर्ट में एक-एक बात झूठी, गलत उद्धरण और भ्रामक जानकारी भरी थी। नेवी ने अपनी आधिकारिक एक्स पोस्ट में कहा:"कैप्टन लॉनै के नाम से लगाए गए सभी बयान पूरी तरह गढ़े गए हैं।"



### कभी चीन का नाम नहीं लिया

फ्रेंच नेवी ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी चीनी जे-10सी या जे-10 का नाम नहीं लिया। न ही राफेल की किसी 'तकनीकी असफलता' का जिक्र किया। न ही भारत के किसी नुकसान की पुष्टि या खंडन किया। फ्रांस ने कहा कि पाकिस्तान मीडिया द्वारा ऑपरेशन सिंदूर, रडार फेलियर और चीन की भागीदारी जैसे दावे- "मिसइन्फॉर्मेशन और डिसइन्फॉर्मेशन फैलाने की कोशिश का हिस्सा थे।"

## खबर संक्षेप

### नगर कीर्तन यात्रा में उमड़ा जनसूमह

**चंडीगढ़।** हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी पर्व के पावन अवसर पर यमुनानगर जिला के क़स्बा साढौरा से शुरू हुई चौथी पवित्र नगर कीर्तन यात्रा को बीती सायं सरस्वती नगर स्थित जनता पब्लिक स्कूल से कृषि मंत्री श्री श्याम सिंह राणा व यात्रा संयोजक गुरबाज सिंह सिकंदरा, बीबी जसवीर कौर व चेयरमैन रूपेंद्र मल्ही के मार्गदर्शन में बोले सो निहाल सत श्री अकाल के उद्घोष के साथ गांव झीवर हेडी में रात्रि ठहराव के लिए रवाना किया। यह नगर कीर्तन यात्रा जोडियो गुरुद्वारा साहिब से रात्रि विश्राम के बाद गांव ऊंचा चांदना, रपोली, सतगोली, टोपरा कला, हरनौल, रेतगढ़, हाफिजपुर, कुंजल कंबोयान, बैडी, खजुरी, बकाना, रादौरी चौक से होते हुए रादौर पहुंची।

### फरीदाबाद को फिर मिलेगा सांस्कृतिक शहर का दर्जा : गोयल

**फरीदाबाद।** कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि हरियाली, सौंदर्यीकरण और नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने हेतु नगर निगम और स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा एक बड़े स्तर पर आज हरित अभियान की शुरुआत की गई है। गोयल ने कहा कि फरीदाबाद एक समय सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और जीवंत शहर हुआ करता था, लेकिन औद्योगिक विस्तार के बीच उसकी सांस्कृतिक पहचान कहीं दब गई। इस दिशा में अब नगर निगम और प्रशासन मिलकर ओपन एयर थिएटर सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज पार्क-आधारित गतिविधियों जैसे आयोजनों के माध्यम से शहर की सांस्कृतिक धारा को पुनर्जीवित करने की दिशा में काम करेंगे। फरीदाबाद को फिर 'सांस्कृतिक शहर' का दर्जा मिलेगा।

### देवदर्शन योजना के तहत चमकाएंगे चुलकाना धामः डॉ. अरविंद शर्मा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सहकारिता, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार चुलकाना धाम को देवदर्शन योजना के तहत संवारकर विकसित करेगी। उन्होंने कहा कि भजन सम्राट कन्हैया मित्तल और श्याम भक्तों द्वारा पानीपत से चुलकाना धाम तक निकाली जा रही श्री श्याम भव्य निशान यात्रा न केवल सनातन धर्म को सुदृढ़ करेगी, बल्कि राष्ट्रीय एकता की भावना को भी और प्रबल बनाएगी।

### अवैध माइनिंग 24 घंटे में अवैध 4 टिप्पर व एक जेसीबी पकड़ी

**पंचकूला।** अवैध माइनिंग पर जीरो टॉलरेंस की नीति को आगे बढ़ाते हुए पंचकूला पुलिस लगातार सख्ती से कार्रवाई कर रही है। मढ़ावाला क्षेत्र में चौकी इंचार्ज भीम सिंह ने टीम की मदद से गश्त के दौरान आज शाम गांव नानकपुर के पास अवैध माइनिंग में लिप्त दो टिप्पर पकड़े । इससे पहले बीती शाम भी पुलिस ने मढ़ावाला क्षेत्र के कोना गांव के निकट एक टिप्पर को पकड़ा था। पंचकूला पुलिस की एंटी इलीगल माइनिंग टीम ने पिछले दिन ही रायपुर रानी क्षेत्र में एक जेसीबी और एक टिप्पर को अवैध माइनिंग में संलिप्त पाए जाने पर पकड़ा था।

### खाद-कीटनाशक की जबरन बिक्री करने वालों की खैर नहीं : कृषि मंत्री

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने सभी सरकारी अधिकारियों और निजी उर्वरक–कीटनाशक डीलरों को सख्त निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट कहा कि किसानों को डीएपी या यूरिया के साथ अतिरिक्त खाद, जिंक, कीटनाशक या किसी अन्य कृषि सामग्री को जबरन खरीदने के लिए बाध्य करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी किसी भी जबरदस्ती पर तुरंत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।राणा ने कहा कि किसानों को अवांछित उत्पाद खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि अधिकारी या डीलर इन नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसे किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

---

**शैक्षणिक अंकों को लेकर उठाए सवाल**

# एचसीएस पदोन्नति के संशोधित मानदंडों पर नाराजगी, हाईकोर्ट जाने की तैयारी में अधिकारी

**अधिकारी बोले : मुख्यमंत्री ऑफिस के आला अफसरों को अवगत करवाने के बाद भी थोप रहे नियम**

**अफसरों को डर : मानदंडों से समान पात्र अधिकारियों के बीच बिना वजह का बंटवारा और गुटबाजी पैदा होगी**

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

सूबे की प्रदेश सरकार द्वारा एचसीएस (हरियाणा सिविल सेवा) में पदोन्नति को लेकर संशोधित मानदंडों को लेकर हरियाणा सिविल सेवा के अफसरों में नाराजगी व्याप्त हो गई है। इन पर विचार मंथन के बाद में अंदरखाने इसका विरोध शुरू हो गया है। कुछ अफसरों इस नाराजगी को लेकर (सीएमओ) मुख्यमंत्री ऑफिस आला अफसरों को अवगत भी करा दिया गया है। उसके बाद भी इन्हें अफसरों पर थोपा गया, तो इस तरह के बदलाव को लेकर हाई कोर्ट जाने की तैयारी में हैं।

हरियाणा सिविल सेवा (एक्जीक्यूटिव ब्रांच) में रजिस्टर (ए-1) और रजिस्टर-सी के तहत पदोन्नति के लिए शैक्षणिक अंकों के संशोधित मानदंडों को लेकर सवाल उठाते हुए इस पर राज्य के अधिकारी विरोध कर रहे हैं। रजिस्टर ए-1 के तहत तहसीलदार, जबकि रजिस्टर-सी में बीडीपीओ और डीडीपीओ पदोन्नति के पात्र होते हैं। खास बात यह है कि सिविल सेवा अफसरों की अहम और मुख्य आपत्ति नियम 14 के अंतर्गत शैक्षणिक उपलब्धि के लिए निर्धारित (13) अंकों के आवंटन को लेकर है। वर्ष 2019 की अधिसूचना के अनुसार, सेवा में आने के बाद प्राप्त की गई उच्च शैक्षणिक डिग्री को पूरे 13 अंक दिए जाते हैं। जबकि सेवा ज्वाइन करने से पहले प्राप्त समान डिग्री को केवल 50 प्रतिशत यानी आधे अंक ही मिलते हैं। आपत्ति करने वाले सिविल सेवा अफसरों का कहना है कि यह अंतर समान पात्र अधिकारियों के बीच बिना वजह का बंटवारा और गुटबाजी पैदा करने के अलावा कुछ भी नहीं हैं। अफसरों ने इस बारे में चिंतन मंथन किया है।

### 2019 के संशोधन ने अंकों का अंतर बढ़ाया

अफसरों ने बताया कि वर्ष 2017 के निर्देशों में प्री-सर्विस और इन-सर्विस योग्यता अंकों के बीच बहुत कम अंतर था, जबकि 2019 के संशोधन ने यह अंतर और बढ़ा दिया है। इससे वे अधिकारी नुकसान में आ गए हैं, जिन्होंने सेवा में आने से पहले मजबूत शैक्षणिक योग्यता हासिल की थी। अधिकारियों का कहना है कि शैक्षणिक योग्यता समय के साथ कम नहीं होती। अंकों में पचास फीसदी की कटौती न तो न्यायसंगत है और न ही तार्किक बात है। सूत्रों अनुसार, यदि सरकार उनकी प्रतिनिधित्व पर निर्णय नहीं लेती या नीति की समीक्षा नहीं करती, तो अधिकारी पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में गुहार लगाने की तैयारी की जा रही है।

#### डिग्री का मूल्य आधा क्यों

नाम नहीं छापने की शर्त पर कुछ का कहना है कि उनके पास नियुक्ति के समय ही मास्टर डिग्री थी और कई सहकर्मियों ने वही डिग्री सेवा के दौरान प्राप्त की। "डिग्री तो वही है, योग्यता भी वही है। फिर सेवा में आने से पहले ली डिग्री का मूल्य आधा क्यों है। अधिकारी ने सवाल उठाते हुए पूछ लिया है कि इस तरह का मनमाना फैसला कैसे लिया जा सकता है। एक पत्र में तर्क दिया गया है कि यह वर्गीकरण योग्यता को नहीं दर्शाता ।

#### यह भेदभाव असंवैधानिक

एक अधिकारी का कहना है कि इस बारे में लीगल राय ले रहे अफसरों को कई अदालतों के फैसले भी संदर्भ के लिए बताए गए हैं। तमिलनाडु मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन बनाम यूनियन ऑफ इंडिया मामले का उल्लेख करते हुए अफसरों ने कहा कि उच्च योग्यता को केवल इसलिए कमतर नहीं आंका जा सकता क्योंकि वह सेवा पूर्व प्राप्त की गई थी, यह भेदभाव असंवैधानिक है।

#### योग्यता का मूल्य घटाया नहीं जा सकता

एक अन्य अधिकारी का कहना है कि डिग्री की शैक्षणिक गुणवत्ता उसके समय पर निर्भर नहीं करती। पहले ली योग्यता का मूल्य मनमाने ढंग से घटाया नहीं जा सकता। प्रतिनिधित्व में कई सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का भी हवाला दिया है, जिनमें कहा गया है कि योग्यता अर्जित करने का समय पदोन्नति में उसके मूल्यांकन का आधार नहीं हो सकता। इस निर्णय को बदलने की जरूरत है।

---

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज कुरुक्षेत्र में चप्पे-चप्पे पर पुलिस की पैनी निगाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आज आगमन को लेकर सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है। इन कार्यक्रमों को लेकर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और हर कार्यक्रम स्थल पर आईपीएस के साथ-साथ एचसीएस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।


राजनाथ सिंह

अहम पहलू यह है कि इन मेहमानों के आगमन से पहले पुरुषोत्तमपुरा बाग, वीआईपी रोड यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, ब्रह्मसरोवर के उत्तरी गेट की तरफ सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए गए है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 का आगाज सोमवार 24 नवंबर 2025 को करेंगे। इन कार्यक्रमों में सुरक्षा व्यवस्था का आकलन करने के लिए उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा और पुलिस नीतीश अग्रवाल ने निरीक्षण किया और अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

#### अधिकारी नियुक्त किए

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के श्रीमद्भगवद्गीता सदन में सुबह 11:30 बजे पहुंचेंगे और गीता संगोष्ठी का शुभारंभ करेंगे। इन कार्यक्रमों में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है और सभी कार्यक्रमों स्थलों पर अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। सभी स्थलों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है किसी भी कार्यक्रम स्थल पर प्रशासन द्वारा जारी आई कार्ड के बिना किसी को भी प्रवेश करने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की भी चूक नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी ईमानदारी के साथ ड्यूटी का निर्वाह करेंगे।

---

# प्रदेश में एसआईआर की तैयारी, 2002 मतदान सूचियों का मिलान 2024 से किया जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर तैयारी तेज हो चुकी है। राज्य भर में चुनाव आयोग ने सभी बीएलओ (बूथ स्तर अधिकारी) को पुराने रिकॉर्ड के साथ मतदाता सूची के मिलान का महत्वपूर्ण टास्क सौंप दिया है। इसका उद्देश्य मतदाता सूचियों में लंबित गड़बड़ियों को पूरी तरह से दूर करना, अपात्र नाम हटाना और नए पात्र मतदाताओं को शामिल करना है, ताकि आगामी चुनावों में सटीक एवं अद्यतन मतदाता सूची उपलब्ध हो सके। जानकारी अनुसार राज्य के विभिन्न हिस्सों में कामकाज की शुरुआत हो गई है। उदाहरण के तौर पर फरीदाबाद जिले छह विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूचियों का मिलान तेजी से चल रहा है। प्रक्रिया में चुनाव कानूनगो, सुपरवाइजर और बीएलओ की टीमें घर-घर जाकर और बूथवाइज दस्तावेजों के आधार पर रिकॉर्ड जांच रही हैं। अधिकारियों के अनुसार, कई विधानसभा क्षेत्रों में वर्ष 2002 की मतदान सूचियों का मिलान वर्ष 2024 की सूचियों के साथ किया जा चुका है। इस प्रक्रिया में जिन मतदाताओं के नाम दोनों वर्षों की सूचियों में मेल नहीं खा रहे, या जानकारी स्पष्ट नहीं है, ऐसे नामों की अलग सूची बनाई जा रही है।

#### कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर न रहे

बीएलओ को निर्देश दिया गया है कि वे मतदाता सूचियों के सत्यापन के दौरान यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर नहीं रह जाए और अपात्र या दोहरी प्रविष्टि वाले नाम हटाए जा सकें। इसके तहत मृतक, स्थानांतरित और लंबे समय से अनुपस्थित मतदाताओं की प्रविष्टियों की भी जांच की जा रही है। विधानसभा एनआईटी, बड़खल, फरीदाबाद, बल्लभगढ़, पृथला और तिगांव में यह कार्य चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि फील्ड सत्यापन के बाद तैयार की जा रही सभी सूचियां हरियाणा मुख्य निर्वाचन आयोग को भेजी जाएंगी। आयोग इन सूचियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश जारी करेगा। इसी तरह से बाकी जिलों में भी बीएलओ अपनी मुहिम चला रहे हैं, ताकि पात्र वोटर इन सूचियों में रहें व शिफ्ट हो चुके लोगों के नाम हटाने के बाद में सूचियों को दुरुस्त किया जा रहा है।

### श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर रहेगा वैकल्पिक अवकाश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में 25 नवंबर, (मंगलवार) को राज्य में वैकल्पिक अवकाश घोषित किया है। उल्लेखनीय है कि इस ऐतिहासिक अवसर पर हरियाणा के कुरुक्षेत्र में भव्य राज्यस्तरीय समागम का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति निर्धारित है, जो इस आयोजन को और अधिक महत्त्वपूर्ण बनाएगी। समागम के दौरान श्री गुरु तेग बहादुर जी के आदर्शों, उनके बलिदान और समाज में आपसी सद्भाव को स्थापित करने वाले उनके मार्गदर्शन को विशेष रूप से स्मरण किया जाएगा।

# उप परिवहन नियंत्रक और उड़नदस्ता अधिकारी विकास के नवाचार की प्रशंसा, मिला सम्मान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

ईपीसी वर्ल्ड मीडिया ग्रुप द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उप परिवहन नियंत्रक और उड़नदस्ता अधिकारी विकास नरवाल को एक बार फिर से परिवहन व्यवस्था और सड़क सुरक्षा नवाचार को लेकर प्रशंसा पत्र और सम्मान दिया गया है। उनके विभाग के अफसरों ने उनकी कामकाज की तारीफ की है।

दिल्ली के एक होटल ली मेरिडियन में आयोजित रोड्स एडं हाइवेज फोरम 2025 समारोह के दौरान यह पुरस्कार मिला है।


सम्मेलन में मुख्य अतिथि डॉ कृष्ण कुमार (आईएएस) एमडी नेशनल हाइवे व इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन के हाथों सम्मान मिला है। विभिन्न सरकारी और प्राइवेट संगठनों के उच्च अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने समेलन में हिस्सा लिया था।



#### ई-रिक्शा के कारण जाम का समाधान बताया

विकास नरवाल द्वारा शहरों में ई-रिक्शा के कारण बढ़ते जाम और यातायात के समाधान प्रस्तुत किए गए । नरवाल द्वारा इंटेलीजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम का एनफोर्समेंट और सड़क सुरक्षा में उपयोग का महत्व बताया गया और इंटेलीजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम में आवश्यक बदलाव बारे सुझाव दिए गए ।नरवाल के नवाचार की सरहाना करते हुए उनको सम्मानित किया गया । विशेषज्ञों ने माना की शोध को अनुपालन करने से परिवहन विभाग में बदलाव लाया जा सकता है ।

---



#### मुख्यमंत्री सैनी ने संत कबीर कुटीर में सुनी समस्याएं

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रविवार को संत कबीर कुटीर में प्रदेश के लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। सीएम ने अधिकतर समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

### अरावली में पूरा पहाड़ खा गए माफिया : सुरजेवाला

**चंडीगढ़।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री रणदीप सिंह सुरजेवाला ने प्रदेश में चल रहे खनन को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा हम लगातार कह रहे है कि अरावली क्षेत्र में 'माफिया पूरा पहाड़ खा गए। सुरजेवाला ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि अरावली क्षेत्र में नई माइनिंग लीज पर अगले आदेश तक रोक और अरावली के संरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला आया है। अरावली में अवैध खनन और अतिक्रमण पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। सरकार में खनन माफियाओं का राज है और सत्ता के शीर्ष पर बैठ लोगों ने चुप्पी साध रखी है।

### पोर्टलों से शासन नहीं चलता, लोगों को न्याय मिलना चाहिएः सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि जबकि हर सरकारी योजना को डिजिटल इंडिया और पोर्टलों से जोड़ने की बातें बड़े मंचों पर खूब गूंजती हैं, वास्तविकता यह है कि आम नागरिक के लिए वही पोर्टल अकसर दीवार बन जाते हैं।



सरकार नए-नए शब्दों और चमकदार आंकड़ों की नुमाइश तो करती है, पर यह नहीं बताती कि अंतिम व्यक्ति तक व्यवस्था पहुंचे कैसे। सैलजा ने मांग की है कि सरकार तकनीक को जनहित की बाधा न बनाए। हर योजना का लाभ पात्र व्यक्ति तक सीधे पहुंचे।

# शहीद स्मारक की शान बढ़ी : विज के आग्रह पर सेना ने भेंट की 'पुराने समय की' पांच राइफल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज शहीद स्मारक में सेना द्वारा पुराने समय की राइफल के बारे जानकारी ली जोकि सेना द्वारा शहीद स्मारक को भेंट की गई हैं। मंत्री अनिल विज से गत दिनों सेना के अधिकारियों ने मुलाकात की थी और इस मुलाकात के दौरान मंत्री विज ने सैन्य अधिकारियों से अनुरोध किया था कि पुराने समय की कोई राइफल या अन्य हथियार सेना के पास उपलब्ध हो तो वह शहीद स्मारक में प्रदर्शित करने के लिए उपलब्ध कराया जाए। मंत्री अनिल विज के इस अनुरोध पर सैन्य अधिकारियों द्वारा पांच पुराने समय की राइफल शहीद स्मारक में प्रदर्शित करने के लिए उपलब्ध कराई गई है।ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने आज इन राइफलों को देखा व जानकारी ली। इन राइफलों का पुराने समय में उपयोग सैनिकों द्वारा किया जाता था।

#### डिस्पले गैलरी में रखी जाएंगी राइफल



मंत्री अनिल विज ने राइफल पर लगी मुहर, राइफल का नंबर आदि ध्यानपूर्वक देखा। इन सभी पांच राइफलों को शहीद स्मारक में बनाई गई डिस्पले गैलरी में रखा जाए। गौरतलब है कि अम्बाला छावनी में ऊर्जा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से 1857 में देश के पहले स्वतंत्रता संग्राम की याद में 'आजादी की पहली लडाई का शहीद स्मारक' का निर्माण किया जा रहा है। स्मारक में विभिन्न आर्ट गैलरियां बनाई गई है जहां पर पुराने हथियारों तथा सैनिकों द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं को प्रदर्शित किया जाएगा।

### ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन शुल्क 10 गुणा बढ़ाना किसान विरोधी : चौटाला

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने हरियाणा सरकार द्वारा ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण शुल्क के लिए 10 गुणा बढ़ोतरी करने के फैसले का कड़ा विरोध जाहिर किया है और इस फैसले को पूरी तरह से किसान विरोधी बताया है। उन्होंने सरकार के इस फैसले को किसानों की कमर तोड़ने वाला बताया और कहा कि यह पूरी तरह अव्यवहारिक और किसानों पर आर्थिक बोझ डालने वाला। सरकार स्पष्ट करे कि किन आधारों पर आर्थिक बोझ डाला गया है।



---

**ऑपरेशन ट्रैक डाउन ने अपराधियों पर प्रहार, खूब हो रही धरपकड़**

# 4566 गिरफ्तार, 47 कुख्यात एक ही दिन में दबोचे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

ऑपरेशन ट्रैक डाउन ने अपराधियों पर प्रहार किया है। अपराध नियंत्रण के लिए शुरू किए गए इस विशेष अभियान ने 21 नवंबर तक प्रभावशाली परिणाम दिए हैं। पुलिस ने अब तक 1,439 कुख्यात, वांछित और संगीन मामलों में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जबकि 3127 अन्य आरोपी भी पकड़े गए हैं। इस प्रकार कुल 4566 अपराधी अब तक पुलिस के शिकंजे में आ चुके हैं—जो अभियान की धमाकेदार सफलता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। सिर्फ 21 नवंबर को 47 कुख्यात गिरफ्तार, 293 अन्य आरोपी पकड़े, 17 हिस्ट्रीशीटें खोली गईं। सिर्फ एक दिन में हुई कार्रवाई ऑपरेशन की रफ्तार और पुलिस की दबंग मौजूदगी को दिखाती है। 21 नवंबर को पुलिस ने 47 कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया, जिनमें कई मोस्ट-वांटेड और लंबे समय से फरार शामिल थे। इसके अलावा 293 अन्य आरोपियों को भी काबू किया गया, जिससे प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति और मजबूत हुई।इसी दिन पुलिस ने 17 नई हिस्ट्रीशीट खोलकर उन अपराधियों पर निगरानी और कठोर कर दी है, जिनकी गतिविधियाँ समाज के लिए लगातार खतरा बन रही थीं।

#### जनता में बढ़ा भरोसा

ट्रैकडाउन हरियाणा पुलिस की जीरो-टॉलरेंस नीति का प्रभावी उदाहरण बन चुका है। इस अभियान का लक्ष्य है कि हर जिले में फरार, संगीन मामलों में शामिल, संगठित अपराध से जुड़े और कुख्यात अपराधियों को तुरंत गिरफ्त में लिया जाए। पुलिस के अनुसार, लगातार और तेज कार्रवाई से अपराधियों के बीच स्पष्ट संदेश गया है कि अब प्रदेश में आपराधिक गतिविधि के लिए सुरक्षित ठिकाना नहीं बचा है।

#### परिणाम दिख रहे

ऑपरेशन ट्रैक डाउन का अब तक का परिणाम दिखाता है कि हरियाणा पुलिस अपराधियों के खिलाफ अभूतपूर्व आक्रामकता और रणनीति के साथ काम कर रही है। 5,251 गिरफ्तारियां इस बात का सबूत हैं कि अपराधियों के खिलाफ छेड़ी गई यह निर्णायक लड़ाई आने वाले दिनों में प्रदेश को और अधिक सुरक्षित बनाएगी। गुरुग्राम में दो बड़ी गिरफ्तारियां स्नैचर गैंग और कुख्यात शूटर की गिरफ्तारी ने यह भी दिखाया है कि स्थानीय स्तर पर भी पुलिस की पकड़ लगातार मजबूत हुई है।

#### मनीष उर्फ गोगा गिरफ्तार, 20 मामले दर्ज

गुरुग्राम के उद्योग विहार क्षेत्र का कुख्यात अपराधी मनीष उर्फ गोगा (28 वर्ष) भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है।सेक्टर-21 स्थित ओल्ड दिल्ली रोड पर एक युवक के साथ मारपीट और गोली चलाकर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पर थाना पालम विहार में मामला दर्ज किया गया था। अपराध शाखा सेक्टर-17 ने लगातार पीछा करते हुए 21 नवंबर को द्वारका एक्सप्रेसवे के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। जिनमें हत्या, हत्या का प्रयास, फिरौती, अपहरण, गैंग गतिविधियाँ, लूट और आर्म्स एक्ट के उल्लंघन शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि उसकी गिरफ्तारी से उद्योग विहार और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय अपराधी नेटवर्क पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा।

#### हत्या-प्रयास से लेकर स्नैचिंग तक मामले उजागर

गुरुग्राम में चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम देने वाले दो शातिर अपराधी—सुमित और संजीव उर्फ संजू को अपराध शाखा सेक्टर-10 की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 21 नवंबर को गिरफ्तार कर लिया। 17 नवंबर 2025 की शाम सेक्टर-45 में एक व्यक्ति की गले से सोने की चेन छीनी गई थी, जिस पर थाना सेक्टर-40 में मामला दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी दिल्ली–गुरुग्राम क्षेत्र के कुख्यात स्नैचर और लुटेरे हैं, जिनके खिलाफ संजू पर 11 और सुमित पर 10 गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। इनमें हत्या-प्रयास, लूट, स्नैचिंग और आर्म्स एक्ट उल्लंघन जैसे मामले प्रमुख हैं। पुलिस के अनुसार, इनकी गिरफ्तारी से गुरुग्राम में हो रही स्नैचिंग की घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

# 25 को कलम छोड़ हड़ताल पर अड़े प्रदेश के डॉक्टर्स

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा प्रदेश के चिकित्सकों ने प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव और एसीएस हेल्थ को ज्ञापन देकर उनकी मांगों को तुरंत हल करने की गुहार लगाई है। डीजी हेल्थ को हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन ने साफ कर दिया है कि उनकी सुनवाई नहीं की हुई, तो 25 को दो घंटे के लिए कलम छोड़ हड़ताल करेंगे, उसके बाद में आगे की रणनीति तैयार कर आंदोलन को लंबा चलाने पर मंथन होगा।

यहां पर बता दें कि चिकित्सकों ने पिछले शनिवार और इसके पहले ही पूरे प्रदेश के साथियों के साथ में ऑनलाइन बैठक कर 25 को कलम छोड़ हड़ताल का फैसला लिया है। चिकित्सक अपनी मांगों को लेकर काले बिल्ले लगाकर विरोध स्वरूप काम कर रहे हैं। चिकित्सकों ने साफ कर दिया है कि लंबित मांगों के पूरा होने तक चरणबद्ध आंदोलन चलाने का काम करेंगे। इसी क्रम में वे डीजी हेल्थ मुख्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर चुके हैं।

#### एसएमओ की सीधी भर्ती का विरोध

एसोसिएशन की ओर से साफ कर दिया गया है कि एसएमओ (सीनियर मेडिकल ऑफिसर) की सीधी भर्ती के विरुद्ध शुरुआत से ही वे विरोध की आवाज उठा चुके है। तत्कालीन मंत्री अनिल विज ने इस पर सहमति जताते हुए इन पदों को पदोन्नति से भरने का वादा किया था। डाक्टरों ने कहा कि जब इस भाजपा सरकार के मंत्री से मामले में सहमति बन गई थी, तो अब दोबारा से इसको शुरु करने व सीधी भर्ती का क्या तुक है ? एसीपी में वृद्धि का सैद्धांतिक फैसला हो जाने के बाद भी इसका नोटिफिकेशन नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की जा रही है। डॉक्टर प्रमोशन से भरने की मांग कर रहे हैं, इसलिए फैसले का डाक्टर विरोध करते रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### कक्षा छह में प्रवेश के लिए परीक्षा 13 को

**जींद।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय खुंगा कोठी के प्राचार्य धनीराम शर्मा ने बताया कि सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छह में प्रवेश हेतु परीक्षा का आयोजन जिला के 11 परीक्षा केंद्रों पर 13 दिसंबर 2025 को प्रातः साढ़े 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक करवाया जाएगा। सभी अभ्यार्थियों को प्रातः दस बजे से पहले एडमिट कार्ड के अनुसार अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाना होगा। अभ्यार्थी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉटनवोदयडॉटजीओवीडॉटइन से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

### अमेरिका भेजने के नाम पर 70 लाख रुपये ठगे

**कैथल।** गांव सांघन के एक युवक को अमेरिका भेजने के नाम पर 70 लाख रुपए ठग लिए। मामले में पहले तो आरोपियों ने उसे अमेरिका भेजने का झांसा दिया और साथ ही यह भी लालच दिया कि वहां पहुंचने के बाद उसे वहां की नागरिकता दिलवा पक्का भी करवा देंगे। आरोपियों ने पूरी राशि न देने की स्थित में युवक को पहले करीब 1 माह तक दूसरे देशों में घुमाया। इस कारण उसे कई यातनाएं भी झेलनी पड़ी। अब सिविल लाइन थाना पुलिस ने 2 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कृषि विभाग ने पकड़े बिना बिल के यूरिया के 300 बैग

**यमुनानगर।** कृषि विभाग ने गांव महलावाली के पास से एक कैंटर से यूरिया खाद के 300 बैग पकड़े हैं। बताया जा रहा है कि यह बैग बिना बिल के थे। इन्हें प्लाईवुड फैक्ट्री में सप्लाई करने के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। कृषि विभाग जगाधरी के उपमंडल अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि उसे शनिवार शाम सूचना मिली थी कि गांव महलावाली के पास एक यूरिया खाद से भरे कैंटर को पकड़ा गया है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा। उसने जब जांच की तो कैंटर में 300 बैग यूरिया खाद के भरे हुए थे।

### रंगदारी मांगने का आरोपित रिमांड पर

**जींद।** थाईलैंड में नौकरी दिलाने को झांसा देकर बंधक बनाने तथा साढ़े चार लाख रुपये की फिरौती मांगने के एक आरोपित को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से अदालत ने आरोपित को पांच दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। जींद निवासी चेतन ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया था कि जींद निवासी विकास ने उसे थाईलैंड में नौकरी दिलाने को झांसा देकर अपने जाल में फांस लिया। गत अगस्त को उसे थाईलैंड भेज दिया गया। आरोपित ने एक व्यक्ति के माध्यम से उसे जंगल के रास्ते अवैध रूप से म्यांमार भेज दिया गया।

### जबरन वसूली और धमकी देने के मामले में गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने में थाना मुजेसर के एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अनिल निवासी राजीव कॉलोनी फरीदाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी हार्डवेयर चौक पर मीट की दुकान है, 30 मई को उसके व्हाट्सएप पर कॉल आयाख, जिसने उससे एक लाख रूपये की फिरौती मांग। इसके बाद अक्षय व इरशाद हार्डवेयर चौक स्थित उसकी दुकान पर आये और जान से मारने की धमकी देकर उससे दस हजार रूपये ले गये और कहा कि पैसे विक्की व रोहित को देने है बाकि के पैसे तैयार रखना।

### बीमारी से परेशान युवक ने की खुदकुशी

**गुरुग्राम।** पालम विहार थाना क्षेत्र के चौमा गांव में किराए पर रहने वाले एक युवक ने बीमारी व नौकरी छूटने से परेशान होकर शनिवार को फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस को सुसाइड नोट मिला है। जिसमें युवक ने परेशान होकर खुदकुशी करने की बात लिखी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

---

**घायलों को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया**

# आसौदा मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलटी बस, 25 से अधिक यात्री घायल, रोहतक-दिल्ली रोड पर लगा लंबा जाम

*बस में 60 से अधिक यात्री सवार थे, शीशे तोड़कर घायल यात्रियों को बाहर निकाला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़






**बहादुरगढ़।** आसौदा मोड़ के निकट पलटी प्राइवेट बस। अस्पताल में पहुंचे मरीजों का उपचार करते स्वास्थ्य कर्मी। नागरिक अस्पताल में घायल बस यात्री। फोटो : हरिभूमि

रविवार शाम आसौदा मोड़ पर सोनीपत से बहादुरगढ़ आ रही सवारियों से भरी एक निजी बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। बस में करीब 60 से अधिक यात्री सवार थे, जिनमें से 25 से अधिक लोग घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बस के शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला। घायलों को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। बता दें कि यह हादसा रविवार शाम करीब 6 बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस अचानक तेज झटके के साथ डगमगाई और नियंत्रण खोते ही पलट गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि हादसे के बाद बस में फंसे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई थी। एक महिला यात्री ने बताया कि चालक लगातार गलत तरीके से बस चला रहा था। यात्रियों ने कई बार उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन उसने बात नजरअंदाज कर दी और लापरवाही के चलते यह हादसा हो गया। घायल मीनाक्षी, रमेश, ज्योति, कप्तान, हर्ष, सुरेश, कृष्ण, वंश, प्रतीक, बलराम, अशोक, बालकिशन, कांता, सुरेंद्र, रवि, बाबूराम, शीला, सुभाष और संतोष सहित अन्य घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां अधिकांश को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। गम्भीर रूप से घायल यात्रियों को पीजीआई रेफर किया गया। शेष का उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है।

### बस चालक का नियंत्रण खो देने से हुई दुर्घटना

हादसे के बाद रोहतक–दिल्ली रोड पर लंबा जाम लग गया और वाहनों की कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही आसौदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात बहाल करवाया। पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बस चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे यह दुर्घटना हुई। मामले में लापरवाही के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। अस्पताल में मौजूद यात्रियों ने मांग की है कि इस रूट पर चलने वाली प्राइवेट बसों की फिटनेस और ड्राइवरों की जांच सख्ती से हो, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

---

**चिंता : क्वालिटी डाउन होने के चलते व्यापारियों के हाथों लूट रहे नरमा उत्पादक किसान**

# एमएसपी से ₹ 2 हजार प्रति क्विंटल कम रेट पर बिक रही नरमा की फसल

**नरमे का न्यूनतम समर्थन 7860 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित**

*नरमा उत्पादन में कमी, फिर गुणवत्ता ठीक न होने के चलते सीसीआई के नियमों पर खरा नहीं उतर रहा। जिसका निजी व्यापारी जमकर फायदा उठा रहे हैं। फतेहाबाद में नरमा की कोई मिल भी नहीं है।*

सुरेन्द्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद

मानसून के बाद जिले में लगातार हुई बेमौसमी बरसात के चलते नरमा उत्पादक किसानों को अपनी फसल बेचने में जमकर चपत लग रही है। इस समय खुले बाजार में नरमा न्यूनतम समर्थन मूल्य से 1500 से 2 हजार रुपये प्रति क्विंटल तक कम पर बिक रहा है। पहले उत्पादन में कमी, फिर गुणवत्ता सही न होने के चलते यह नरमा सीसीआई के नियमों पर खरा नहीं उतर रहा। जिसका निजी व्यापारी जमकर फायदा उठा रहे हैं। दरअसल फतेहाबाद में नरमा की कोई मिल नहीं है। ऐसे में मजबूरी में नरमा उत्पादक किसानों को भट्टू व आदमपुर में खरीददारों को अपना नरमा बेचना पड़ रहा है। नरमे का न्यूनतम समर्थन 7860 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है लेकिन इस समय निजी व्यापारी नरमे को 6 हजार से 6800 रुपये प्रति क्विंटल के बीच ही खरीद रहे हैं।



**फतेहाबाद।** नरमे की खरीद करते सीसीआई के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

#### नरमा बेचने का प्रोसेस

नरमा बेचने के लिए किसानों को सबसे पहले मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर नाम दर्ज करवाना होगा। उसके बाद आधार कार्ड व अन्य जरूरी दस्तावेज लेकर जाना होगा। सीसीआई 8 प्रतिशत नमी वाला नरमा एमएसपी पर खरीदेगी। इससे ज्यादा नमी वाले नरमे का रेट कम लगेगा। सीसीआई द्वारा अधिकतम 12 प्रतिशत नमी वाला कपास की खरीदा जाएगा। नरमा बेचने के लिए किसान का फिंगरप्रिंट से रजिस्ट्रेशन होगा व किसान की लाइव फोटो ली जाएगी। इसलिए किसान खुद जिसके नाम पर मेरा फसल मेरा ब्यौरा है, का आना जरूरी है। इसके अलावा किसान का बैंक का खाता आधार से जुड़ा होना व एक्टिव होना जरूरी है, तभी फसल का भुगतान हो सकेगा। एक एकड़ पर 7 क्विंटल तक नरमा बेचा जा सकता है।

#### बारिश ने खेल बिगाड़ा

फतेहाबाद जिले में इस बार 91730 एकड़ में नरमा की बिजाई हुई थी। दरअसल यहां नरमा भट्टू, भूना, रतिया, फतेहाबाद व टोहाना में ज्यादा बिजा जाता है। नरमा पकाई पर था तो लगातार बारिश होती रही। इससे नरमा की फसल नष्ट हो गई। बची-खुची फसल में क्वालिटी डाउन चली गई। हालांकि किसानों ने मुआवजे के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दावे किए थे लेकिन किसानों को न मुआवजा मिला है और न ही नरमे का अच्छा उत्पादन हुआ है। अब जो फसल मार्किट में आ रही हैं उसमें क्वालिटी व लेंथ की कमी होने से यह फसल सीसीआई के नियमों पर खरी नहीं उतर रही। सीसीआई का मानना है कि नरमा जब पकाव पर था, टिंडे भी पकने वाले थे तो बारिश ने फसल को काफी नुकसान पहुंचाया। अधिकांश नरमे की फसल कोढी होकर डैमेज हो गई।

#### रिजेक्ट कर रहा सीसीआई

अब जब मार्किट में किसान फसल लाए तो इससे सीसीआई ने रिजेक्ट कर दिया। अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने फसल खरीदी है लेकिन क्वालिटी इतनी डाउन है कि उसे खरीद पाना असंभव है। इन सब बातों का निजी व्यापारी जमकर फायदा उठा रहे हैं। कभी नरमा बैल्ट के नाम से फतेहाबाद विख्यात था। बिड़ला, जेसी, मिनाक्षी जैसी बड़ी कम्पनियों की यहां कॉटन मीलें थे लेकिन धीरे-धीरे सब यहां से पलायन कर गई। इसके बाद नरमा उत्पादक किसानों का भी मोह नरमे से भंग हो गया। अब सीसीआई द्वारा खरीद न करने से यहां भट्टू व आदमपुर के व्यापारी नरमे की खरीद करने आते हैं। अनाज मण्डी व्यापारियों के अनुसार इस समय नरमे का भाव 6000 से लेकर 6600 तक ही बिक रहा है। क्वालिटी कम होने के कारण किसान मजबूरी में कम रेटों पर नरमा बेच रहे हैं।

#### फसल कोढी होने के कारण डैमेज हो गई

नरमा जब पकाव पर था तो बारिश आ गई। ऐसे में नरमे की फसल कोढी होने के कारण डैमेज हो गई। यही कारण है कि अब नरमा की लेंथ व क्वालिटी कमजोर है। सीसीआई के नार्म्स पर जो नरमा खरा उतर रहा है। उसकी खरीद की जी रही है। सीसीआई का रेट 7860 रुपये प्रति क्विंटल है। **-दिनेश कुमार**, केन्द्र प्रभारी, सीसीआई फतेहाबाद

---

*विज ने शिकायत के आधार पर की कार्रवाई*
*किन्नर ने सबूत के तौर पर ऑडियो पेश की*

# किन्नर से बदसलूकी करने वाली पुलिस कर्मी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



कैबिनेट मंत्री अपने आवास पर लोगों की समस्याएं सुन रहे थे

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने किन्नर से फोन पर बदसलूकी करने पर एक महिला जवान को सस्पेंड कर दिया है। मंत्री अपने आवास पर लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान एक किन्नर भी अपनी शिकायत लेकर पेश हुआ। उसने महिला जवान द्वारा उसके साथ टेलीफोन पर की गई बातचीत की शिकायत की। शिकायत के साथ-साथ किन्नर ने मंत्री को एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी बतौर सबूत पेश की। जिसे सुनने के बाद मंत्री ने महिला थाना में तैनात महिला कर्मी को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने आदेश जारी किया।

#### डीएसपी को जांच सौंपी

मंत्री अनिल विज ने इस दौरान कहा कि पुलिस का काम जनसेवा करना है न कि किसी से बदसलूकी करना। मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी नागरिक के साथ पुलिस द्वारा गलत व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने एसपी को निर्देश देते हुए कहा कि कानून सबके लिए बराबर होना चाहिए, चाहे सामने आम नागरिक हो या खास। इसके बाद आरोपी महिला पुलिसकर्मी को सस्पेंड करने के आदेश जारी कर दिए गए। उन्होंने कहा किसी के साथ भी गलत व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस को संवेदनशील होकर काम करना चाहिए। ऑडियो रिकॉर्डिंग की तकनीकी जांच भी करवाने की तैयारी है ताकि मामले को कानूनी रूप से मजबूत बनाया जा सके। पुलिस विभाग अब इस घटनाक्रम पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मंत्री कार्यालय को भेजेगा।

### चेक बाउंस होने पर आरोपी को एक साल की सजा और जुर्माना



**रेवाड़ी।** शहर की पंजीकृत संस्था सैनी चौपाल टेकपुर मुक्तिवाड़ा की देनदारी में आरोपी को चेक बाउंस होने पर अदालत में एक साल की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी को चेक राशि का डेढ़ गुना शिकायतकर्ता को अदा करने के आदेश भी जारी किए हैं। शहर के अंबेडकर चौक स्थित सैनी चौपाल टेकपुर मुक्तिवाड़ा के पूर्व प्रधान हीरालाल सैनी के पास संस्था की कुछ बकाया राशि निकलती थी, जिसके लिए सैनी समाज के लोगों ने काफी मशक्कत की थी, जिस पर समझौते के तहत हीरालाल के पुत्र प्रवीण कुमार ने यह राशि अदा करने के लिए संस्था को दो चेक वर्ष 2018 में जारी किए थे। हीरालाल व उनके पुत्र प्रवीण ने संस्था को एक लिखित हलफनामा भी दिया था और आश्वासन दिया था कि वे सारी राशि चेक से संस्था के लिए अदा कर देंगे। एक चेक 4 लाख 60000 रुपए का था तथा दूसरा चेक 10526 रूपए का था, लेकिन इन राशि के दोनों चेक बैंक में लगाने पर बाउंस हो गए थे।

---

# बहादुरगढ़: बेहद खराब स्थिति में एक्यूआई

**प्रदूषण बढ़ने के कारण स्मॉग की चादर में लिपटा शहर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

प्रदूषण की मार झेल रहे एनसीआर वासियों को थोड़ी राहत मिली है। बीते एक सप्ताह से वायु गुणवत्ता में कुछ सुधार हो रहा है। रविवार को यह घटकर 316 तक पहुंच गया। हालांकि यह अब भी बेहद खराब श्रेणी में ही कहा जाएगा। जी हां, पिछले कुछ दिनों से प्रदूषण बढ़ने के कारण बहादुरगढ़ स्मॉग की चादर में लिपटा हुआ है। एक सप्ताह पहले बहादुरगढ़ में एयर क्वालिटी इंडेक्स 4 सौ को पार कर गया था। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) में संशोधन किया था। निर्माण कार्य भी रोक दिए गए थे। अब यह घटकर रविवार को 316 पर आ गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, हवाओं के तेज होने से प्रदूषण कणों का फैलाव कम हुआ है और वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ है। प्रदूषण से निपटने के लिए हरित क्षेत्र का विस्तार, वाहनों के उत्सर्जन को नियंत्रित करने के उपाय और औद्योगिक प्रदूषण को कम करने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। बता दें कि एक्यूआई जीरो से 50 के बीच 'अच्छा' माना जाता है। जबकि 51 से 100 पर 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच हो तो 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच एक्यूआई होने पर 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है।

---

**ढाई करोड़ उधारी न मिलने का जिक्र, बेटे के बयान पर आरोपियों पर केस दर्ज**

# सुसाइड नोट लिखकर ट्रांसपोर्टर ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

पुलिस थाने के पीछे ट्रांसपोर्ट कार्यालय चलाने वाले एक ट्रांसपोर्टर ने शनिवार की रात ऑफिस में फांसी का फांदी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक के पास से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने तीन लोगों से करोड़ों रुपये लेने व मौत के बाद पैसे परिजनों को दिलाने की बात लिखी है। पुलिस ने सुसाइड नोट को एफएसएल भेजने की तैयारी शुरू कर दी। मूल रूप से महेंद्रगढ़ के भालखी का रहने वाला लगभग 58 वर्षीय धर्मपाल ट्रांसपोर्ट का कार्य करता था। वह परिवार के साथ सैय्यद कॉलोनी में रह रहा था। उसका थाने के पीछे ट्रांसपोर्ट का ऑफिस है। शनिवार की रात वह घर जाने की बजाय अपने ऑफिस में ही ठहरा हुआ था। सुबह जब ऑफिस में कार्य करने वाले कर्मचारी वहां पहुंचे, तो धर्मपाल का शव फांदी के फंदे पर लटक रहा था। उसने चादर का फंदा बनाकर पंखे से लटककर जान दे दी। सूचना मिलने के बाद एसएचओ कश्मीर सिंह मौके पर पहुंच गए। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। छीनबीन के दौरान पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला।

#### पैसे परिजनों को दिलाने का जिक्र

मृतक ने सुसाइड नोट में तीन लोगों के नाम लिखे हैं। वह इन लोगों से एक से डेढ़ करोड़ रुपये प्रति व्यक्ति मांगता था। उसने सुसाइड नोट में यह रकम उसके परिजनों को दिलाने की बात लिखी है। सुसाइड नोट में इन लोगों को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप नहीं हैं।
**-कश्मीर सिंह एसएचओ**

---

# लोहे का जाल गिरने से 5 वर्षीय मासूम की मौत

**भवन निर्माण स्थल पर बड़ा हादसा, पुलिस जांच में जुटी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

रोहद के इलाके में झिलमिल ढाबे के नजदीक रविवार को निर्माणाधीन भवन में काम के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। प्रवासी श्रमिक लोकेंद्र अपने अन्य साथियों के साथ मजदूरी कर रहा था। इसी दौरान निर्माण कार्य में प्रयुक्त भारी लोहे का जाल अचानक नीचे गिर गया। दुर्भाग्य से उसी समय लोकेंद्र का 5 वर्षीय बेटा पियूष वहां मौजूद था और लोहे का जाल उसके ऊपर गिर गया। भारी वजन के कारण बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

हादसे के तुरंत बाद श्रमिकों ने बच्चे को संभाला, उसे लेकर बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। जांच अधिकारी के अनुसार, बच्चे के शव को नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। मासूम की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। श्रमिकों के बीच भी इस हादसे के बाद गम और गुस्से का माहौल देखा गया। स्थानीय लोगों ने निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी को इस हादसे की वजह बताया है और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

---

**परेशान** डंकी के रास्ते विदेश जाना ठीक नहीं है, देश में ही रहकर करनी चाहिए कमाई: सोनू

# डॉलर कमाने की चाह में 75 लाख गंवाए, दो साल तक यातनाएं सहन करके बेड़ियों के साथ सोनू लौटा घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** परिवार के साथ बीच में बैठा सोनू। फोटो : हरिभूमि

बारना गांव का रहने वाला नैन आर्य उर्फ सोनू अमरीका जाकर डॉलर कमाने की इच्छा के साथ लगभग दो साल पहले भारी भरकम रकम खर्च करके गया था, लेकिन लगभग 75 लाख रूपये गवांकर अमरीका में जेल काटकर हथकड़ी और बेडियों के साथ जहाज से दिल्ली उतरकर बीती रात अब अपने घर वापिस आ गया है। पिता सत्यवान ने तो जमीन बैचकर उसे अमरीका भेजा था, लेकिन उसने तब यह नहीं सोचा था कि उसके बेटे को बेडियों में कैद होकर ही अपने वतन वापिस लौटना पड़ेगा। नैन उर्फ सोनू अपनी आंखों में आंसू लेकर अपनी हालत और बिताए हुए दो सालों की दास्तांन सुनाते हुए दूसरों को भी नसीहत देते हुए बोला कि किसी भी भारतीय को डंकी रूट से विदेश नहीं जाना चाहिए। उसने बताया कि दो सालों में उसने वहां जो झेला है, यदि वह यहां कुछ पैसे खर्च करके किसी काम धंधे में लगाकर मेहनत करता तो यहां भी सफलता की सीढियां चढ़ जाता। उसका कहना है कि वह अमरीका सोचकर तो यह गया कि वहां जाकर खूब डॉलर कमाएगा और माता पिता की पूरी सेवा करेगा, लेकिन उसे क्या पता था कि दो साल तक विभिन्न प्रकार की यातनाएं सहने के बाद वह बेडियों में कैद होकर अपने घर वापिस लौटेगा। उसने अपना दुखड़ा सुनाते हुए बताया कि उसे अमरीका जेल से 18 नवम्बर को बेडियों में बांधकर जहाज में बैठाया गया और वह अन्य युवकों जिनमें एक गैंगस्टर भी शामिल था, के साथ 20 नवम्बर को दिल्ली के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा और तब कहीं जाकर उसकी बेडियां खोली गई।

#### एजेंट के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाएंगे

सोनू ने बताया कि एजेंट ने उससे लगभग 31 से 32 लाख रूपये लिए। उसने जानकारी दी कि उसके कुलमिलाकर 75 लाख रूपये खर्च हुए। लॉकेशन लगी होने के कारण वह अमरीका में कुछ महीने ही काम कर पाया, लेकिन उसे अपने 75 लाख रूपये गवांकर ही अपने घर वापिस लौटना पड़ा। पूछने पर उसने कहा कि अब घर वालों से सलाह करके वह एजेंट के खिलाफ पुलिस में शिकायत करने की सोच रहा है। कुलमिलाकर उसका कहना है कि डोंकी के रास्ते अमरीका जाना किसी भी हालत में ठीक नहीं है।

## खबर संक्षेप

### अदाणी ने ट्रेड कैसल टेक पार्क को खरीदा




**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की एक संयुक्त उद्यम कंपनी ने बुनियादी ढांचा डेवलपर ट्रेड कैसल टेक पार्क को 231.34 करोड़ रुपये में खरीद लिया है। ट्रेड कैसल टेक पार्क के पास काफी जमीन है। कंपनी ने बताया, ''अधिग्रहण का उद्देश्य बुनियादी ढांचा सुविधाएं स्थापित करना है।''

### टाटा केमिकल्स क्षमता बढ़ाने करेगी निवेश

TATA
TATA CHEMICALS LIMITED

**मुंबई।** टाटा केमिकल्स ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने गुजरात के मीठापुर और तमिलनाडु के कुड्डालोर में अपने संयंत्रों की विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने के लिए 910 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दे दी है। कंपनी के निदेशक मंडल (बोर्ड) ने अपने संयंत्र में डेंस सोडा ऐश विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने के लिए 135 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी है।

### बाजार पूंजीकरण में रिलायंस फायदे में




**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात का कुल बाजार पूंजीकरण 1,28,281.52 करोड़ रुपये बढ़ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज और एयरटेल सबसे ज्यादा फायदे में रहीं। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंफोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर को फायदा हुआ।

# होंडा ने बंद किया 'एक्टिवा ई' और 'क्यूसी1' इलेक्ट्रिक स्कूटर का उत्पादन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर मार्केट में लगातार चुनौतियों का सामना कर रही होंडा कंपनी ने अपने दो इलेक्ट्रिक स्कूटर एक्टिवा ई और क्यूसी1 का प्रोडक्शन अगस्त 2025 से बंद कर दिया है। ये दोनों स्कूटर इसी साल जनवरी में लांच किए गए थे। एक्टिवा ई की एक्स-शोरूम कीमत 1.17 लाख रुपए और क्यूसीवन का एक्स-शोरूम प्राइस 90,000 रुपए था।

होंडा जैसे बड़े ब्रांड से उम्मीद थी कि ये स्कूटर हिट साबित होंगे और इनकी खूब बिक्री होगी। हालांकि, सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के डेटा से पता चला है कि कंपनी ने अगस्त 2025 से इन स्कूटरों को बनाना बंद कर दिया है।

## कंपनी लगातार दोपहिया बाजार की प्रतिस्पर्धा का सामना कर रही

### एक्टिवा ई की कम बिक्री

*लांच के समय उम्मीद थी कि कि एक्टिवा ई की ज्यादा बिक्री होगा, क्योंकि इसमें एक्टिवा की ब्रांडिंग थी, जो कंपनी का सबसे सफल और पॉपुलर स्कूटर माना जाता है, और एडवांस्ड बैटरी स्वैपिंग तकनीक थी। बैटरी स्वैपिंग से रेंज की चिंता, बैटरी रखरखाव और बदलने की समस्या पूरी तरह खत्म हो जाती है। स्वैपिंग स्टेशन पर बैटरी 1-2 मिनट में बदली जा सकती है। बिक्री बढ़ाने के लिए होंडा ने जून में बैटरी किराए की कीमतें भी कम की थीं और होम चार्जिंग डॉक लाने पर विचार कर रही थी। इसके बावजूद एक्टिवा ई की कम बिक्री हुई। डीलरों को भेजे गए कुल 5,201 स्कूटर्स में से क्यूसीवन की 86 प्रतिशत यानी 4,461 यूनिट्स थीं और एक्टिवा ई की सिर्फ 740 यूनिट्स थीं।*



■ दोनों स्कूटर इस साल जनवरी में लांच किए गए थे

### कम बिक्री के मुख्य कारण

क्यूसीवन कम कीमत पर उपलब्ध था और पोर्टेबल चार्जर के साथ आता था। इसलिए यह बिक्री के मामले में एक्टिवा ई से आगे निकला। इसके अलावा बजाज, टीवीएस, एथर और ओला जैसी प्रमुख कंपनियां भी इसी तरह के प्रोडक्ट पेश कर रही हैं।

*बैटरी स्वैपिंग की चुनौती : एक्टिवा ई में बैटरी स्वैपिंग एक बेहतरीन तकनीक है, लेकिन इसके सफल होने के लिए एक मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है। वर्तमान में होंडा अकेली प्रमुख कंपनी है जो इस तकनीक को पेश कर रही है। सीमित स्वैपिंग स्टेशनों की संख्या इसके सफल न होने का एक बड़ा कारण हो सकता है।*

### उत्पादन बंद करने की वजह

दोनों की कम बिक्री इनके उत्पादन बंद होने की सबसे बड़ी वजह बनी। होंडा कंपनी के दोनों स्कूटरों की खूब बिक्री होगी। लेकिन, ऐसा हुआ नहीं। ग्राहकों को ये स्कूटर ज्यादा पसंद नहीं आए या कहें कि लुभा नहीं पाए। फरवरी से जुलाई 2025 के बीच इन स्कूटर्स का कुल उत्पादन 11,168 यूनिट्स था। लेकिन डीलरों को केवल 5,201 यूनिट्स ही भेजी गईं। इसका मतलब है कि बनाई गई यूनिट्स में से आधे से ज्यादा अभी भी बिके बिना इन्वेंटरी के रूप में पड़े हैं। संभवत यही कारण है कि होंडा ने दोनों स्कूटर्स का उत्पादन रोक दिया है।

*कम शहरों में उपलब्धता : इसके अलावा सीमित उपलब्धता भी एक बड़ा कारण हो सकता है। एक्टिवा ई केवल मुंबई, बेंगलुरु और दिल्ली में उपलब्ध है। वहीं, क्यूसीवन छह शहरों (मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और चंडीगढ़) में उपलब्ध है और शायद यही इसकी ज्यादा बिक्री का कारण भी है।*

# भारत, इजरायल एफटीए को दो चरणों में लागू करेंगे




■ दोनों देशों के व्यापारिक समुदाय को जल्द लाभ मिलेगा

एजेंसी ▶▶| जेरुशलम

भारत और इजरायल अपने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को दो चरणों में लागू करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि दोनों देशों के व्यापारिक समुदाय को जल्द लाभ मिल सके। यह बात वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कही।

भारत और इजरायल ने इस समझौते के लिए औपचारिक रूप से वार्ता शुरू करने के लिए बृहस्पतिवार को संदर्भ की शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए थे। इस टीओआर में माल के लिए बाजार पहुंच, शुल्क एवं गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करना, निवेश सुगमीकरण, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को सरल बनाना, नवाचार और तकनीकी हस्तांतरण में सहयोग बढ़ाना तथा सेवा व्यापार को बढ़ावा देने के नियमों में ढील देना शामिल है। गोयल ने यहां कहा, ''हम इसे दो चरणों में करने पर विचार कर रहे हैं। वार्ता शुरू होने पर इस बारे में फैसला लिया जाएगा। दोनों मंत्री चाहते हैं कि पहला चरण जल्द पूरा हो जाए ताकि व्यापारिक समुदाय को जल्द फायदा मिलना शुरू हो जाए।'' मंत्री द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने इजरायल आए हैं। वह 60 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। दोनों देशों ने संवेदनशील मुद्दों को अभी छूने से बचने का फैसला किया है।

### एक दूसरे के देशों में निवेश ला सकेंगे

गोयल ने कहा कि दोनों देश देखेंगे कि ''नवाचार और आरएंडडी किस तरह एक-दूसरे के देशों में ज्यादा निवेश ला सकते हैं। हम संयुक्त परियोजनाओं पर काम करेंगे, जहां हमें उनकी विशेषज्ञता का लाभ मिले और वे भारत जैसे बड़े बाजार का फायदा उठा सकें।''

## रूसी तेल का आयात निकट भविष्य में तेजी से घटेगा

# अमेरिका के नए प्रतिबंधों से भारत में रूसी तेल का आयात प्रभावित होने की आशंका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रॉसनेफ्ट और लुकोइल तथा उनकी बहुलांश स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंध 21 नवंबर से लागू हो गए। इससे अब इन कंपनियों का कच्चा तेल खरीदना या बेचना लगभग नामुमकिन हो गया है। भारत ने इस साल औसतन 17 लाख बैरल प्रतिदिन रूसी तेल का आयात किया और प्रतिबंधों से पहले यह मजबूत बना रहा।

*रूसी कच्चे तेल के प्रमुख निर्यातकों पर अमेरिका के नए प्रतिबंध पूरी तरह लागू होने के बाद ऊर्जा बाजार से जुड़े विश्लेषकों का मानना है कि भारत में रूसी तेल का आयात निकट भविष्य में तेजी से घटेगा, हालांकि यह पूरी तरह बंद नहीं होगा।*

### चार लाख बैरल प्रतिदिन आने कि उम्मीद

नवंबर में आयात 18–19 लाख बैरल प्रतिदिन रहने का अनुमान है, क्योंकि रिफाइनरी सस्ते तेल की खरीद को अधिकतम कर रहे हैं। आगे चलकर दिसंबर और जनवरी में आपूर्ति में स्पष्ट गिरावट आने की उम्मीद है। विश्लेषकों के अनुसार यह घटकर लगभग चार लाख बैरल प्रतिदिन तक रह सकता है।

### अक्टूबर 21 से आपूर्ति धीमी हुई

अक्टूबर 21 से आपूर्ति धीमी हो गई है, हालांकि रूस की मध्यस्थों और वैकल्पिक वित्त प्रबंधन की क्षमता को देखते हुए अभी अंतिम निष्कर्ष निकालना जल्दी होगा।'' प्रतिबंधों के लागू होने के कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचपीसीएल–मित्तल एनर्जी और मैंगलोर रिफाइनरी जैसी कंपनियों ने फिलहाल रूसी तेल का आयात रोक दिया है।

### पिछले दो वर्षों से भारत को अच्छा मुनाफा दिया

विश्लेषकों का कहना है कि सस्ते रूसी तेल ने पिछले दो वर्षों में भारतीय रिफाइनरों को भारी मुनाफा दिया और अंतरराष्ट्रीय बाजार में अस्थिरता के बावजूद पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों को स्थिर रखा। भारत अपनी तेल जरूरतों का 88 प्रतिशत आयात से पूरा करता है। नए अमेरिकी प्रतिबंधों के पूरी तरह लागू होने के साथ भारत का रूसी तेल आयात अस्थिर और अनिश्चित दौर में प्रवेश कर गया है।



- ■ रुस से आयात का पूरी तरह बंद होगा संभव नहीं
- ■ रॉसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध 21 नवंबर से लागू
- ■ इन कंपनियों का कच्चा तेल खरीदना व बेचना हुआ मुश्किल
- ■ भारत ने इस साल औसत 17 लाख बैरल कच्चा तेल प्रतिदिन आयात किया

### यूक्रेन पर हमले के बाद से तेल आयात में वृद्धि

परंपरागत रूप से पश्चिम एशियाई तेल पर निर्भर भारत ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद रूस से अपने तेल आयात में काफी वृद्धि की। पश्चिमी प्रतिबंध और यूरोपीय मांग में कमी के कारण रूस से तेल भारी छूट पर उपलब्ध हुआ। परिणामस्वरूप, भारत का रूसी कच्चा तेल आयात कुल आयात का एक प्रतिशत से बढ़कर लगभग 40 प्रतिशत तक पहुंच गया।

### नवंबर में रूस बड़ा आपूर्तिकर्ता बना

नवंबर में भी रूस भारत का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बना रहा, जो कुल आयात का लगभग एक तिहाई है। केप्लर के रिफाइनिंग और मॉडलिंग के मुख्य अनुसंधान विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा, ''हम निकट भविष्य में, विशेषकर दिसंबर और जनवरी में भारत के लिए रूसी कच्चे तेल के प्रवाह में स्पष्ट गिरावट की उम्मीद करते हैं।

### नयारा, रॉसनेफ्ट समर्थित

इस मामले में एकमात्र अपवाद नयारा एनर्जी है, जो रॉसनेफ्ट समर्थित है और यूरोपीय संघ द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के बाद अन्य स्रोतों से आपूर्ति कटने के कारण रूसी तेल पर भारी निर्भर है। रितोलिया ने कहा, ''नयारा के वादीनेर संयंत्र को छोड़कर कोई भी भारतीय रिफाइनर ओएफएसी-नामित संस्थाओं से जुड़े जोखिम नहीं लेना चाहता। खरीदारों को अपने अनुबंध, आपूर्ति मार्ग, स्वामित्व और भुगतान चैनलों को पुनः व्यवस्थित करने में समय लगेगा।''

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# टाटा मोटर्स को घरेलू बिक्री पांच फीसदी बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेश चंद्रा ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की कुल बिक्री लगभग पांच प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। चंद्रा ने कहा कि त्योहारी सत्र खत्म होने के बाद भी दबी हुई मांग बहुत मजबूत बनी हुई है, इसलिए दूसरी छमाही में दो अंकों की वृद्धि होने की पूरी संभावना है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के दौरान बिक्री में सालाना आधार पर 1.6 प्रतिशत की गिरावट आई थी और त्योहारी मौसम में ही घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री में सुधार हुआ। चंद्रा ने विश्लेषकों से बातचीत में कहा कि अक्टूबर-मार्च में बिक्री दो अंकों में बढ़नी चाहिए। उन्होंने बताया कि त्योहारी मांग की वजह से सितंबर में उद्योग को पांच प्रतिशत और अक्टूबर में 17 प्रतिशत की वृद्धि मिली थी। नवंबर और दिसंबर में भी दबी हुई मांग मजबूत है।




■ दबी मांग बहुत मजबूद बनी हुई

### कारोबार के लिहाज से बिजनेस अच्छा

इसलिए दोनों महीने कारोबार के लिहाज से बहुत अच्छे रहेंगे। उन्होंने कहा, ''चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में त्योहारों से पहले 1.6 प्रतिशत की गिरावट आई थी, इसलिए पूरे साल में वृद्धि करीब पांच प्रतिशत के दायरे में रहेगी।' कंपनी की योजनाओं के बारे पूछने पर चंद्रा ने कहा कि मजबूत मांग का फायदा उठाते हुए हम वृद्धि की गति बनाए रखेंगे।

# एक्सिस बैंक एनसीडी से 5,000 करोड़ जुटाएगा




नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक ने शुक्रवार को कहा कि वह कारोबार बढ़ाने के लिए गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के जरिए 5,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रहा है। यह बैंक के निदेशक मंडल द्वारा मंजूर 35,000 करोड़ रुपये के धन जुटाने की योजना का हिस्सा है। बैंक का निजी नियोजन के आधार पर 5,000 करोड़ रुपये तक के पूरी तरह से भुगतान वाले, सीनियर, रेटेड, सूचीबद्ध, अनसिक्योर्ड, करयोग्य, विमोचनयोग्य, दीर्घावधिक गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर जारी करके कोष जुटाने का प्रस्ताव है।

# विदेशी निवेशक इस सप्ताह तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्लेषकों के अनुसार इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल मुख्य रूप से आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों के रुख पर निर्भर करेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह नवंबर में खत्म होने वाले वायदा सौदों से पहले उतार-चढ़ाव बढ़ सकता है।

घरेलू स्तर पर बाजार दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े और औद्योगिक उत्पादन जैसे बड़े आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखेगा। वैश्विक स्तर पर निवेशक अमेरिकी बाजार के प्रदर्शन और वहां के प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखेंगे। ये संकेत निकट भविष्य में जोखिम की भावना तय करेंगे और विदेशी पूंजी प्रवाह को प्रभावित करेंगे।''




■ आर्थिक आंकड़े, वैश्विक रुझान से तय करेंगे बाजार की दिशा

### सेंसेक्स व निफ्टी ने बनाया नया उच्चतम स्तर

पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 669.14 अंक या 0.79 प्रतिशत चढ़ा, जबकि निफ्टी 158.1 अंक या 0.61 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ। इसबीच 20 नवंबर को सेंसेक्स ने 85,801.70 और निफ्टी ने 26,246.65 का 52 सप्ताह का उच्चतम स्तर बनाया।

### मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अगर रुपये पर दबाव बना रहा तो निकट भविष्य में बाजार में कुछ मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है। आने वाले सप्ताह में निवेशक व्यापारिक घटनाक्रम, आईआईपी और जीडीपी आंकड़ों पर बहुत बारीकी से नजर रखेंगे।'' निवेशक ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और रुपये-डॉलर के विनिमय दर पर भी पैनी नजर रखेंगे।

## राशिफल

**मेष:** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचने का प्रयास करें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**वृष:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। पिता का साथ मिलेगा। आत्मसंयत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कर्क:** किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है। मन परेशान हो सकता है। रहन-सहन में असहज रहेंगे। कारोबार का विस्तार होगा।

**सिंह:** अनावश्यक भागदौड़ में बढ़ोतरी हो सकती है। भवन या सम्पत्ति सुख में वृद्धि होगी। खर्च बढ़ेंगे। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**कन्या:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। वाणी का प्रभाव बढ़ेगा।

**तुला:** कारोबार में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। भागदौड़ अधिक रहेगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु:** विदेश यात्रा के योग भी बन रहे हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा।

**मकर:** कारोबार में कुछ बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**कुंभ:** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। खर्च बढ़ेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। आय की स्थिति में सुधार होगा। अनियोजित खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**मीन:** किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

# एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का सफल आयोजन




**नई दिल्ली।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा कौशल भवन, नई दिल्ली में आयोजित एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राहक, एमएसएमई उद्यमी तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिससे मंच पर उत्कृष्ट सहभागिता देखने को मिली।कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक के माननीय एमडी एवं सीईओ श्री कल्याण कुमार ने की। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने कहा कि "एमएसएमई क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया उद्यमियों को हर संभव वित्तीय सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।"उन्होंने उद्यमियों को अपनी विकास यात्रा में बैंक को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नई दिल्ली ज़ोन के ज़ोनल हेड श्री शीशराम तुन्दवाल के स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने बैंक की विभिन्न एमएसएमई-अनुकूल पहलों और क्षेत्रीय प्रदर्शन का उल्लेख किया। कार्यक्रम के दौरान बैंक द्वारा 215 करोड़ के स्वीकृति एवं वितरण पत्र 75 एमएसएमई उधारकर्ताओं को सौंपे गए।

# सेंसेक्स इंडेक्स में होगी इंडिगो टाटा की कंपनी को लगा झटका

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का संचालन करने वाले इंटरग्लोब एविएशन 22 दिसंबर से बीएसई के 30 शेयरों वाले सूचकांक सेंसेक्स में शामिल हो जाएगी। बीएसई इंडेक्स सर्विसेज ने यह जानकारी दी। अब सोमवार को इस शेयर पर निवेशकों की नजर रहेगी। शनिवार को शेयर 0.92% बढ़कर 5840.25 रुपए पर बंद हो गया। बीएसई इंडेक्स सर्विसेज ने बताया कि टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड को इस सूचकांक से बाहर कर दिया जाएगा। बीएसई इंडेक्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने अपने सूचकांकों के पुनर्गठन के तहत इन बदलावों की घोषणा की है, जो 22 दिसंबर को बाजार खुलते ही प्रभावी हो जाएंगे। बीएसई 100 सूचकांक में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को शामिल किया जाएगा, जो अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की जगह लेगा। इसके अलावा बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 50 में मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड को जोड़ा जाएगा और इंडसइंड बैंक लिमिटेड को हटाया जाएगा। विमान बेड़े पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'प्लेनपॉटरडॉटनेट' के अनुसार 21 नवंबर तक इंडिगो के बेड़े में 411 विमान हैं। इनमे से 365 परिचालन में हैं और शेष 46 जमीन पर खड़े हैं। इंडिगो पारंपरिक रूप से विमान लीज पर लेकर उड़ानों का परिचालन करती रही है। हालांकि, कंपनी ने 12 अक्टूबर 2023 को इंडिगो आईएफएससी की स्थापना की जो विमान और इंजन लीज पर देती है। अब इंडिगो आईएफएस विमान की खरीद करता है और इंडिगो उसी से विमान लीज पर लेती है।

## शब्द पहेली - 6057




**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

### शब्द पहेली- 6056 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | | टा | | द | वा | खा | ना |
| | क्ष्य | | व | | ल | क | वा | | र | ज |
| ज | | | कु | सु | म | | त | | | नी |
| ब | द | मा | श | | टो | ना | | सौ | त | न |
| र | | हि | | फा | ल | | प्रा | | न | |
| न | ग | र | वा | सी | | ग | ण | ना | य | क |
| | र | | द | | मा | ली | | पा | | ल |
| अ | ल | ग | | म | न | | चौ | की | दा | र |
| प | | | चि | | सि | स | की | | | व |
| रा | ज | | क | न | क | | दा | | मे | |
| ध | ड़ | क | न | | ता | | री | मा | ला | गू |



# मोदी का जी-20 में विश्व के मुद्दों के समाधान पर फोकस

## पीएम ने ब्रिटेन, फ्रांस और ब्राजील समेत विश्व के कई शीर्ष नेताओं से की खास मुलाकात

एजेंसी/ ब्यूरो ▶▶ जोहान्सबर्ग/नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में चल रहे जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के द्विपक्षीय संबंधों को नया आयाम देने के लिए कई विश्व नेताओं से मुलाकात की।

इनमें ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली-जे-म्यूंग, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटरेस, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम, ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज, कनाडा के पीएम मार्क कार्नी समेत अन्य कई देशों के विश्व नेता शामिल हैं। मोदी का फोकस इन विश्व नेताओं से मुलाकात के दौरान वैश्विक समस्याओं और उनके समाधान पर मुख्य रूप से केंद्रित रहा।

कई देशों के नेताओं से भी पीएम मोदी की चर्चा



जोहान्सबर्ग के जी-20 से इतर ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डिसिल्वा (बाएं), ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर(बीच में) और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जेइ म्यूंग (दाएं) से मिलते पीएम मोदी।

### दक्षिण कोरिया और ब्राजील के साथ हुई सार्थक वार्ता

मोदी ने कोरियाई नेता ली जे-म्युंग से इस साल दूसरी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि यह बातचीत हमारी विशेष रणनीतिक भागीदारी में मज़बूत रफ़्तार का संकेत है। ब्राज़ील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा से मुलाकात के बाद मोदी ने कहा, भारत और ब्राज़ील अपने लोगों के फ़ायदे के लिए कारोबार और सांस्कृतिक जुड़ाव को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।

### ब्रिटेन की भागेदारी पर दोनों देशों का संवाद

*इस साल भारत-ब्रिटेन भागीदारी में नई ऊर्जा आई है और हम इसे कई क्षेत्रों में आगे बढ़ाते रहेंगे। मोदी ने कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री इब्राहिम के साथ उनकी अच्छी बातचीत हुई। भारत और मलेशिया द्विपक्षीय सहयोग को विविध क्षेत्रों में प्रगाढ़ करने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। वह फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से मिलकर खुश हुए। जिनके साथ उनकी अलग-अलग मुद्दों पर अच्छी बातचीत हुई। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि भारत-फ्रांस के रिश्ते दुनिया की भलाई के लिए एक ताकत बने हुए हैं!*

### विश्व व्यापार संगठन के प्रमुख से भी वार्ता

मोदी ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के महानिदेशक डॉ. नगोजी ओकोन्जो-इवेला से भी बातचीत की। इसके साथ ही इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली से भी वार्ता की। भारत और इथियोपिया की साझेदारी ऐतिहासिक है और विकास में सहयोग से यह मजबूत हुई है। हम प्रौद्योगिकी, कौशल और दूसरे क्षेत्र में रिश्तों को और मजबूत करते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने सिएरा लियोन के राष्ट्रपति जूलियस माडा बायो से भी मुलाकात की। मोदी ने डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस घेब्रेयेसस से भी मुलाकात की।

प्रधानमंत्री ने की मुलाकात

### व्यापार, साझेदारी पर भी हुई चर्चा

सम्मेलन के मुख्य सत्र से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी समेत कई दूसरे नेताओं से भी बातचीत की। शिखर सम्मेलन में जी-20 नेताओं के साथ एक 'फोटो' साझा करते हुए मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हम एक साथ मिलकर वैश्विक प्रगति और समृद्धि के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। मोदी ने अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंजाल्वेस लौरेंको से भी मुलाकात की और कहा कि उन्हें इस साल की शुरुआत में दिल्ली में उनका स्वागत करने का सम्मान मिला। उन्होंने कहा, भारत अंगोला के साथ दोस्ती को महत्व देता है और दोनों देश व्यापार के साथ-साथ सांस्कृतिक संबंध बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सिंगापुर के अपने समकक्ष लॉरेंस वोंग से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा, भारत-सिंगापुर साझेदारी विकास और स्थिरता का एक मुख्य आधार बनी हुई है। मोदी ने अपने वियतनामी समकक्ष फाम मिन्ह चिन से मुलाकात की। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, भारत और वियतनाम के बीच एक मजबूत, भविष्यन्मुखी मित्रता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है।

## खबर संक्षेप

### 98 लाख का सोना लेकर कारीगर हो गया फरार



**मेरठ।** देहली गेट थाना क्षेत्र में नील की गली के सराफा व्यापारियों का 770 ग्राम सोना लेकर एक कारीगर फरार हो गया। कारीगर मूल रूप से बंगाल के विक्रमपुर, थाना देवरा और वर्तमान में ब्रह्मपुरी निवासी श्याम सुंदर है। श्याम परिवार सहित गया है और यहां किराए का मकान खाली छोड़ गया है। पुलिस अब पड़ताल कर रही है।

### 400 करोड़ की जीएसटी चोरी, 2 गिरफ्तार



**मुरादाबाद।** नौकरी और लोन दिलाने के नाम पर बेरोजगारों के दस्तावेजों के सहारे 2 मोबाइल नंबर पर 144 फर्जी फर्म बनाकर करीब 400 करोड़ की जीएसटी चोरी के मामले में एसआईटी ने मास्टर माइंड इखलाक और इत्तेहात आलम को गिरफ्तार कर लिया। 1 मोबाइल फोन, 8एटीएम कार्ड,3 आधार बरामद किया है।

### वांगचुक की याचिका पर सुनवाई आज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी की अर्जी पर सुनवाई करेगा। वांगचुक की पत्नी ने शीर्ष अदालत में बताया कि उनके पति को कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानूनके तहत हिरासत में रखना गैर-कानूनी है और यह उनके बुनियादी अधिकारों का उल्लंघन करने वाला एक मनमाना कदम है।

### एसआईआर प्रक्रिया की अंतिम तिथि चार दिसंबर

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची के एसआईआर के लिए फॉर्म का वितरण, संग्रह और डिजिटलीकरण पूरा करने की अंतिम तिथि चार दिसंबर है, जैसा कि निर्वाचन आयोग ने निर्धारित किया है, न कि 26 नवंबर। प्रक्रिया निर्धारित समय से कुछ दिन पहले पूरी करना संभव है, जिससे विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान छूट गए मतदाताओं का पता लगाने के लिए अतिरिक्त समय मिल जाएगा।

## चंडीगढ़ को लेकर मोदी सरकार के प्रस्तावित विधेयक पर बवाल

# चंडीगढ़ पर हम कोई विधेयक लेकर नहीं ला रहे, केवल कानूनी प्रक्रिया को सरल बना रहे

### सत्ताधारी आप के साथ ही कांग्रेस ने किया इसका विरोध



गृहमंत्री अमित शाह

गृह मंत्रालय ने दी सफाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चंडीगढ़ को लेकर मोदी सरकार के प्रस्तावित विधेयक पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। पंजाब सरकार ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है, जबकि कांग्रेस ने भी इसके गंभीर परिणाम होने की चेतावनी दी है। इसी बीच गृह मंत्रालय सामने आया है और पूरे मामले पर सफाई दी है।

गृह मंत्रालय ने जोर देकर कहा है कि केवल कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाया जा रहा है और चंडीगढ़ के प्रशासनिक ढांचे में किसी भी तरह का बदलाव नहीं होगा। संसद की तरफ से जारी इस बुलेटिन के सामने आने के बाद पंजाब में राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के अलावा कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि वह पंजाब से चंडीगढ़ छीनने की कोशिश कर रही है।

### पंजाब सरकार ने गंभीर परिणाम होने की चेतावनी



नॉर्थ ब्लॉक स्थित गृहमंत्रालय

### आर्टिकल 240 क्या है?

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 240 उन केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन से जुड़ा है जिनके पास अपनी कोई विधायिका नहीं होती। इस सूची में वर्तमान में अंडमान-निकोबार, लक्षद्वीप, दादरा और नगर हवेली आदि आते हैं। अगर नया विधेयक पारित हो जाता है, तो चंडीगढ़ भी इस सूची में शामिल हो जाएगा। दूसरे शब्दों में- चंडीगढ़ में एक स्वतंत्र प्रशासक नियुक्त किया जाएगा।

### चंडीगढ़ की जिम्मेदारी फिलहाल राज्यपाल के पास

फिलहाल पंजाब के राज्यपाल ही चंडीगढ़ के प्रशासक के रूप में कार्य करते हैं। राजधानी भले ही संयुक्त हो, लेकिन प्रशासनिक शक्ति लंबे समय से पंजाब के राज्यपाल के पास रही है। अगर यह विधेयक पारित हो जाता है, तो यहां भी बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा और प्रशासक की नियुक्ति केंद्र के स्तर से की जाएगी।

### गृह मंत्रालय ने कहा- पंजाब-हरियाणा में समझौता जारी रहेगा

गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया किसरकार फिलहाल सिर्फ कानून बनाने की प्रक्रिया को आसान करने पर विचार कर रही है और प्रस्ताव पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। चंडीगढ़ के गवर्नर और उसके एडमिनिस्ट्रेटिव स्ट्रक्चर में किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। चंडीगढ़ का जो पारंपरिक समझौता वर्षों से चला आ रहा है, वह जैसा है वैसा ही जारी रहेगा। मंत्रालय ने यह भी कहा कि सभी पक्षों से बातचीत के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा और चंडीगढ़ के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।इसके अलावा, गृह मंत्रालय ने यह भी साफ कर दिया कि इस विषय पर किसी भी तरह की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

ये बोले नेतागण

### बिल से जुड़े फैसलों को वापस लिया जाएः सुनील जाखड़



केंद्र सरकार द्वारा चंडीगढ़ पर लाए जाने वाले प्रस्ताव को लेकर पंजाब भाजपा प्रमुख ने सुनील जाखड़ ने अने कहा कि वह इस प्रस्ताव को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा वे चाहते हैं कि इस बिल से जुड़े फैसलों को वापस लिया जाए।

### अधिकारों पर सीधा हमला किया जा रहाः मान



चंडीगढ़ को लेकर केंद्र के प्रस्तावित संविधान संशोधन बिल ने पंजाब की सियासत में भूचाल ला दिया है। शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले ही इस मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। पंजाब के दल इसे अपने अधिकारों पर सीधा हमला मान रहे हैं।

### राजनीति चमकाने को विपक्ष कुछ भी बोल रहाः भाजपा



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि बिल चंडीगढ़ में नई व्यवस्थाओं के लिए सुविधाजनक बदलाव के तौर पर लाया जा रहा है। सिंह ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के लोग अपनी राजनीति चमकाने के लिए विरोध कर रहे हैं।

## कर्नाटक में कुर्सी पर सियासी बवाल



कांग्रेस अध्यक्ष खरगे से मिलते सीएम सिद्धारमैया

### सिद्धारमैया ने खरगे से की मुलाकात बोले-फैसला सभी को मानना होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/बेंगलुरु

कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को बेंगलुरु में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। बैठक के बाद सिद्धारमैया ने कहा कि चर्चा पार्टी संगठन, स्थानीय निकाय चुनावों और आगामी जिला पंचायत व तालुक पंचायत चुनावों को लेकर हुई। मंत्रिमंडल के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई। नेतृत्व परिवर्तन सिर्फ़ अटकलें हैं और यह मीडिया की उपज है। सिद्धारमैया ने कहा कि विधायकों को जाने दीजिए, लेकिन आलाकमान जो भी कहेगा, हम सभी को उसे मानना होगा। चाहे मैं हूं या डीके शिवकुमार। कब कोई फैसला लेगा, इस पर सिद्धारमैया ने कोई वादा नहीं किया।

### मंत्री ने मुख्यमंत्री के तौर पर किया दावा



कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने रविवार को साफ संकेत दिया कि अगर राज्य में नेतृत्व परिवर्तन होता है, तो वे भी मुख्यमंत्री पद की दौड़ में हैं। लंबे समय से चली आ रही 'दलित मुख्यमंत्री' की मांग के बीच उनका यह बयान राजनीतिक हलचल को और गर्म कर गया है। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि अभी तक कांग्रेस हाईकमान की ओर से नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई आधिकारिक चर्चा नहीं हुई है, न ही पार्टी आलाकमान ने इस विषय पर कोई संकेत दिया है और न ही कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) में यह मुद्दा उठा है।

### कुमारस्वामी ने साधा निशाना



इस पर एनडीए कांग्रेस पर हमलावर है। केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने विस्फोटक राजनीतिक घटनाक्रम की चेतावनी देते हुए कहा कि राज्य में ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि यह कहना असंभव है कि राजनीति में कौन क्या निर्णय लेगा? यहां अप्रत्याशित और विस्फोटक घटनाक्रम होंगे।

## नम आंखों से दी विदाई

# पंचतत्व में विलीन हुए विंग कमांडर पायलट नमांश

एजेंसी ▶▶ कांगड़ा

दुबई में आयोजित एयर शो में तेजस विमान हादसे का शिकार हुए विंग कमांडर पायलट नमांश स्याल का पार्थिव शरीर रविवार दोपहर करीब एक बजे एयरफोर्स के विशेष विमान से गगल स्थित कांगड़ा हवाई अड्डे पर लाया गया। नामांश स्याल के माता-पिता, पत्नी व बेटी भी पार्थिव देह के साथ आए। कांगड़ा एयरपोर्ट पर उनकी पत्नी विंग कमांडर अफशां एयरफोर्स की वर्दी में पहुंची। यहां से पार्थिव देह को उनके पैतृक गांव पटियालकड़ ले जाया गया। यहां मोक्षधाम में सैन्य सम्मान के साथ नामांश की अंत्येष्टि की गई। नमांश के पिता जगन नाथ स्याल ने रूंदे गले से कहा कि देश ने एक बेहतरीन पायलट खो दिया है। वायुसेना ने पोस्ट में स्याल की वायुसेना की वर्दी में और पायलट ओवरऑल में एक लड़ाकू विमान के पास खड़े उनकी दो तस्वीरें साझा कीं, साथ ही उस दुखद दुर्घटना के बाद उन्हें दी गई अंतिम विदाई का वीडियो भी साझा किया।





### बेटी को ढाढस बंधाती मां...

नई दिल्ली। दुबई एयर शो में हवाई प्रदर्शन के दौरान मारे गए विंग कमांडर नमांश स्याल की पत्नी विंग कमांडर अफ़शां अख्तर अपनी बेटी को ढाढस बंधाते हुए अंतिम विदाई देती हुईं।

## बिहार में माताओं के दूध में मिला यूरेनियम

# नवजातों के लिए खतरनाक 6 जिलों में मिले 40 मामले

एजेंसी ▶▶ पटना

नेचर जर्नल में प्रकाशित एक नई वैज्ञानिक स्टडी ने चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। अध्ययन के अनुसार स्तनपान कराने वाली 40 माताओं के ब्रेस्ट मिल्क के सैंपल में यूरेनियम का अत्यधिक उच्च स्तर पाया गया है। यह अध्ययन पटना के महावीर कैंसर संस्थान की ओर से डॉ. अरुण कुमार और प्रो. अशोक घोष की अगुवाई में किया गया, जिसमें एम्स, नई दिल्ली के बायोकैमिस्ट्री विभाग से डॉ. अशोक शर्मा की टीम भी शामिल थी। अक्टूबर 2021 से जुलाई 2024 के बीच किए गए इस शोध में भोजपुर,



फाइल फोटो

समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, कटिहार और नालंदा की 17 से 35 वर्ष आयु की 40 महिलाओं के ब्रेस्ट मिल्क के नमूनों का विश्लेषण किया गया। सभी नमूनों में यूरेनियम (यू-238) पाया गया, जिसकी मात्रा 0 से 5.25 ग्राम/ लीटर के बीच दर्ज की गई। खगड़िया में औसत स्तर सबसे अधिक, नालंदा में सबसे कम मात्रा पाई गई है।

### पर्यावरणीय स्थिति ने बढ़ाई समस्या

बिहार में पेयजल और सिंचाई के लिए भूजल पर अत्यधिक निर्भरता, बिना ट्रीटमेंट वाले औद्योगिक अपशिष्टों का निस्तारण और लंबे समय से रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के उपयोग ने पहले ही जीव वैज्ञानिक नमूनों में आर्सेनिक, लेड और मरकरी जैसी धातुओं का स्तर बढ़ा दिया है। अब ब्रेस्ट मिल्क में यूरेनियम की मौजूदगी यह संकेत देती है कि प्रदूषण राज्य की सबसे कमजोर आबादी- शिशुओं- तक पहुंच गया है।

## भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) में बोले खेर

# नॉर्मल का उल्टा 'एबनॉर्मल' नहीं होता बल्कि 'एक्स्ट्राऑर्डिनरी' होता है

उनके निर्देशन में बनी 'तन्वी द ग्रेट' पेश की

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) में मशहूर फ़िल्मकार, अभिनेता और निर्देशक अनुपम खेर ने अपनी नई निर्देशन में बनी 'तन्वी द ग्रेट' पेश की। यह फिल्म ऑटिज्म स्पेक्ट्रम पर रहने वाली एक असाधारण लड़की की कहानी है, जो गलत समझे जाने के बावजूद अपने सैन्य अफसर पिता के कदमों पर चलते हुए आर्मी में जाने का सपना पूरा करने को निकलती है। खेर ने बताया कि यह कहानी उनके व्यक्तिगत और पारिवारिक अनुभवों से गहराई से जुड़ी है। खेर ने कहा कि हम अक्सर "नॉर्मल" का उल्टा 'एबनॉर्मल' मान लेते हैं, जबकि नॉर्मल का उलट 'एक्स्ट्राऑर्डिनरी' भी हो सकता है।

### शुभांगी ने कहा- मेरे अनुभव को निखारा




फिल्म की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त ने खेर के अनुशासित और गहन निर्देशन दृष्टिकोण की तारीफ की। उन्होंने कहा, मेरे अनुभव को निखारा।

### ऐसे ही प्रोजेक्ट पर काम कर रहे

उन्होंने कहा कि अब वे उन कहानियों की ओर ज्यादा आकर्षित होते हैं जो मानवीय सहनशीलता, संवेदनशीलता और जीवन-परिवर्तन को दर्शाती हैं। खेर ने कहा कि वे ऐसे ही प्रोजेक्ट्स पर काम करते रहेंगे जो मानव भावनाओं के मूल को छूते हों और लोगों को अपने जीवन में सकारात्मक और सार्थक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करें।

## अयोध्या स्थित राम मंदिर में कल होगा ध्वजारोहण समारोह

# स्वस्ति वाचन व पुष्प वर्षा से पीएम मोदी की होगी शाही अगवानी

### मुख्य द्वार पर गूंजेगी शंख व घंटा घड़ियाल की ध्वनि

एजेंसी ▶▶ अयोध्या



रामनगरी अयोध्या स्थित राम मंदिर में 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जाने का रूट तय हो गया है। वे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से साकेत कॉलेज में बने हेलीपैड पर आएंगे। यहां से रामपथ से होते हुए जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य द्वार से श्रीराम जन्मभूमि में प्रवेश करेंगे। वैदिक परंपरा के अनुसार पीएम मोदी के भव्य स्वागत के लिए स्वस्ति वाचन होगा। 501 बटुक ब्राह्मणों द्वारा स्वस्ति वाचन, संत-महंतों के शंखनाद और घंटा-घड़ियाल की पवित्र ध्वनि के मध्य प्रधानमंत्री का स्वागत होगा।



ध्वजारोहण की तैयारियां

### 7 स्थानों पर सांस्कतिक कार्यक्रम होंगे

जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य द्वार तक रामपथ के दोनों ओर खड़े अयोध्यावासी पुष्पवर्षा के माध्यम से पीएम का अभिनंदन करेंगे। स्वागत के लिए 12 मंच बनाए जाएंगे। वहां से पुष्प वर्षा की जाएगी। स्वागत पथ पर सात स्थानों पर सांस्कतिक कार्यक्रम होगा। साथ पीएम मोदी का स्वागत होगा।

### संगीत, नृत्य लोक कलाएं भी दिखेंगी

ध्वजारोहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव का भी आयोजन होगा। इस उत्सव में भारतीय परंपराओं, अध्यात्म और लोक कलाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर संगीत, नृत्य, लोक कलाओं व पारंपरिक वाद्य यंत्रों की प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण होंगी।

### शास्त्रीय कलाओं की छटा भी देखने को मिलेगी

भजन गायन से लेकर ब्रज की पारंपरिक लोक धुनों तक और प्रदेश के विभिन्न अंचलों के लोक गायन दल अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुरों में पिरोकर प्रस्तुत करेंगे। शहनाई, सारंगी, पखावज, बांसुरी, सरोद और सितार जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्रों की विशेष प्रस्तुतियां आयोजन को आध्यात्मिक आभा से आलोकित करेंगी। लोगों को अद्भुत छटा देखने को मिलेगी। एक ही मंच पर मयूर, राई, फरूवाही, बधावा, अवधी, करमा, ढेढिया भी दिखाई देंगे।

## चिंतन

# भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए लेना होगा संकल्प

ज्ञान के मामले में प्राचीन भारत विश्व गुरु था। दुनियाभर से लोग हमारे यहां ज्ञान अर्जित करने आते थे। इसीलिए भारत को विश्वगुरु भी कहा गया, लेकिन अनेक आक्रांताओं को महान भारत का यह प्रभाव रास नहीं आया। हजारों साल तक आक्रमणकारियों के पैरों तले रौंदा गया। हमें गुलामी में जीना पड़ा। धार्मिक स्थलों को नष्ट किया गया। जबरदस्ती धर्मांतरण हुए। हमारे संस्कार, संस्कृति को नष्ट करने पर भरपूर प्रयास किए गए। एक के बाद एक लूट की वारदातें हुई। इसके बाद अंग्रेजों ने 200 साल तक राज किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय संसाधनों का जमकर दोहन किया, वहीं नागरिकों का जमकर शोषण किया। अंग्रेजों ने खूब लूटा। ऑक्सफैम इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ कि ब्रिटेन ने 1765 से 1900 के बीच एक शताब्दी से अधिक समय के औपनिवेशिक काल के दौरान भारत से 64,820 अरब अमेरिकी डॉलर की रकम निकाली और इसमें से 33,800 अरब डॉलर देश के सबसे अमीर 10 प्रतिशत लोगों के पास गए। यह आंकड़ा सिर्फ 135 साल में निकाले गए पैसों का है और केवल वही है, जो रिकार्ड में दर्ज है। इसके अलावा बड़ी रकम है जो कहीं लिखी ही नहीं की गई, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने सही कहा है कि हम विश्व गुरु बन सकते हैं। वो वैभव के दिन नहीं रहे, लेकिन आक्रमण के दिन भी चले गए। अब हम राममंदिर पर झंडा फहरा रहे हैं। अंतरिक्ष में नई छलांग लगा रहे हैं। हम दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ रही अर्थव्यवस्था हैं। अब एक बार फिर हम विश्व गुरु बनने की और बढ़ रहे हैं। विश्व गुरु बनने की चर्चा ज्ञान, विज्ञान, और संस्कृति के आधार पर होती है। इसका लक्ष्य ज्ञान का प्रकाश फैलाना, आधुनिकता के साथ प्राचीन मूल्यों को जोड़ना और 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत पर आधारित विश्व का मार्गदर्शन करना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना, कौशल विकास, उद्यमिता, और सामाजिक समरसता जैसे क्षेत्रों में काम करने की आवश्यकता है। कुछ लोग मानते हैं कि भारत पहले से ही विश्व गुरु था और यह प्रक्रिया केवल दोबारा उसे प्राप्त करने की है, जबकि कुछ का मानना है कि इसे संकल्प के रूप में साकार करने की आवश्यकता है। यह सही है कि मत अलग- अलग हो सकते हैं, लेकिन पूरे देश का लक्ष्य एक है। विश्व गुरु बनने से पहले सबसे ज्यादा जरूरी है कि शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया जाए। उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक पहुंच बढ़ाना और शिक्षा प्रणाली में सुधार करना बहुत जरूरी है। सरकार ने नई शिक्षा नीति से आगाज किया है, लेकिन इसका लाभ सबको मिले, इसके लिए प्रयास करने की जरूरत है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करना। नवाचार से ही दुनिया में विकास का डंका बजाया जा सकता है। दुनिया में अपनी अलग छाप छोड़ने के लिए सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और किसी भी प्रकार के भेदभाव को खत्म करना होगा। यह विकास में सबसे बड़ी बाधा है। हम एक मिसाल कायम कर सकते हैं कि कैसे आधुनिकता की ओर बढ़ते हुए भी खुद को बेतुके पश्चिमीकरण से बचाया जा सकता है। अगर हम ऐसा करने में कामयाब रहे तो वो दिन दूर नहीं, जब पूरी दुनिया में हमारा डंका बजेगा और एक बार फिर हम विश्व गुरु होंगे।




जन्म शताब्दी वर्ष
अजय कुमार श्रॉफ

# प्रेम व करुणा के अवतार थे सत्य साई बाबा

श्री सत्य साई बाबा ने 14 वर्ष की आयु में ही 'सबसे प्रेम, सबकी सेवा' के अपने मिशन की शुरुआत कर दी थी। श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल की आधारशिला 23 नवंबर 2011 को रखी गई थी। इन 13 वर्षों में पूरे भारत में 4 बाल हृदय अस्पताल, 6 मातृ एवं शिशु अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता केंद्र, अनुसंधान एवं नवाचार केंद्र स्थापित किए गए हैं। फिजी, श्रीलंका और नाइजीरिया में भी कई केंद्र स्थापित हैं। बाबा द्वारा की गई इतनी बड़ी परोपकारी सेवा पहले कभी नहीं देखी गई। वे कहा करते थे, मेरा जीवन ही मेरा संदेश' है। वर्षों के शिक्षा और प्रचार के बाद उन्होंने इस संदेश को संशोधित करके 'आपका जीवन ही मेरा संदेश है' कर दिया।

श्री सत्य साई बाबा का यह जन्म शताब्दी वर्ष है। उनका जन्म 23 नवंबर 1926 को वेंकप्पा राजू और ईश्वरम्मा के घर पुट्टपर्थी नामक गांव में हुआ था। 14 वर्ष की आयु में ही उन्होंने 'सबसे प्रेम, सबकी सेवा' के अपने मिशन की शुरुआत कर दी थी। सत्य साईं बाबा का असली नाम रत्नाकरम सत्यनारायण राजू था। उनके जीवन और करिश्मों को देखकर उनके भक्तों का मानना है कि वे शिरडी साईं बाबा के दूसरे अवतार थे। बताया जाता है कि साल 1940 में जब सत्यनारायण राजू 14 साल के थे, उन्हें एक बिच्छू ने काट लिया। इसके बाद वे कई घंटे बेहोश रहे। जब होश आया, तो उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल चुकी थी। अचानक वे संस्कृत में बोलने लगे, जो उन्होंने कभी पढ़ा या सुना भी नहीं था। इसके कुछ समय बाद उन्होंने अपने परिवार को चौंकाते हुए हवा में मिठाई और फूल निकाल कर दिखाए। उनके पिता इस पर बहुत गुस्सा हुए और उन्होंने सीधे सच पूछ लिया, तभी सत्य साईं ने कहा कि वे शिरडी साईं बाबा के अवतार हैं।

श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल की आधारशिला 24 अप्रैल 2011 को भगवान बाबा की महासमाधि के बाद 23 नवंबर 2011 को रखी गई थी। जैसा कि श्री सत्य साई स्वास्थ्य एवं शिक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सी. श्रीनिवास दोहराते हैं कि यह सत्य साई बाबा की दिव्य इच्छा ही थी जो अंततः उन्हें और सत्य साई संजीवनी को देश के इस हिस्से में ले आई। फिर भी, स्थान चुनने से लेकर विशेषज्ञता एवं हर चरण में बाबा ने उनका मार्गदर्शन किया। इन 13 वर्षों में पूरे भारत में 4 बाल हृदय अस्पताल, 6 मातृ एवं शिशु अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता केंद्र, अनुसंधान एवं नवाचार केंद्र स्थापित किए गए हैं। साथ ही फिजी, श्रीलंका और नाइजीरिया में भी कई केंद्र स्थापित किए गए हैं। यह जानकर खुशी होती है कि इस अस्पतालों में लगभग 4 लाख मरीज़ परामर्श के लिए आ चुके हैं और 38,000 से ज़्यादा सर्जरी पूरी तरह निःशुल्क सर्जरी की जा चुकी हैं। सत्य साई संजीवनी दुनिया भर में छत्तीसगढ़ की पहचान बन गयी है। इसने राज्य की पूरी तस्वीर ही बदल दी है। भारत के समस्त राज्यों के बाल हृदय रोगी इलाज के लिए राजधानी और महानगरों की बजाय रायपुर आ रहे हैं। यह 'उलटा रुझान' अपने आप में एक अद्भुत उपलब्धि है। डॉ. सी. श्रीनिवास का कहना है कि इस अस्पताल से स्वस्थ हुए बच्चे हृदय के आकार के अस्पताल को देखते ही उछल पड़ते हैं और खुशी से ' यूरेका... यूरेका ' कहते हैं, तो मुझे बहुत संतुष्टि मिलती है । यही वह अस्पताल है जहां मुझे दूसरा जीवन यानी संजीवनी मिली थी। इस कथन का कोई पर्याय नहीं है। श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल में दिन की शुरुआत दैनिक प्रार्थना से होती है और जीवन का उपहार के साथ समाप्त होती है। दैनिक प्रार्थना में, हम सभी मरीजों की लंबी आयु और शीघ्र छुट्टी के लिए प्रार्थना करते हैं। हमारे ऑपरेशन थिएटरों में, हमने लिखा है कि 'साई ही सर्जन' हैं। इसका तात्पर्य है कि हम सब कुछ अपने पूज्य भगवान श्री सत्य साई बाबा को समर्पण करते हैं। हमारी सर्जरी का सफलता दर वाकई सराहनीय है और इस का श्रेय हमारी मेडिकल नर्सिंग और सर्जिकल टीमों के अथक और दृढ़ प्रयास को जाता है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सी राजेश्वरी का नाम उल्लेख करना अत्यंत



प्रासंगिक होगा। वे भगवान बाबा के आह्वान पर अमेरिका में अपनी प्रतिष्ठित नौकरी और शानदार करियर छोड़कर भारत आईं। वास्तव में, उन्होंने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा की क्रांतिकारी अवधारणा की नींव रखी। जैसा कि कहा जाता है, ' इतिहास खुद को दोहराता है '। डॉ. श्रीनिवास अपनी माताश्री डॉ. सी राजेश्वरी के निःशुल्क सेवा मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। सत्य साई संजीवनी महज एक अस्पताल नहीं बल्कि आरोग्य का मंदिर है। यहां कोई लेन-देन नहीं होता, केवल सकारात्मक परिवर्तन होता है। बिना कैश काउंटर वाले अस्पताल का जादुई टैग दिल के मरीजों की सबसे पहली पसंद है। निःशुल्क सर्जरी की भविष्य से संबंधित अत्यंत महत्वपूर्ण प्रश्न के उत्तर में डॉ. श्रीनिवास कहते हैं कि हम निःशुल्क सर्जरी नहीं करते बल्कि यह निःशुल्क सेवा है। बाबा सेवा को निःस्वार्थ, अहंकार रहित, अभिमान रहित क्रिया कहते हैं। निःशुल्क सेवा का व्यक्ति और समाज पर चिरस्थायी प्रभाव पड़ता है। सत्य साई बाबा स्वयं गुरु हैं। हम मात्र साधन हैं और केवल उनकी इच्छा से निर्देशित होते हैं। उनका मिशन हमारे साथ भी और हमारे बिना भी जारी रहेगा। सच तो यह है कि नवा रायपुर केंद्र ने मानव जाति की शानदार सेवा के 13 वर्ष पूरे कर लिए हैं। डॉ. श्रीनिवास ने कहा कि यह पैसा नहीं बल्कि लाखों जरूरतमंद लोगों का दृष्टिकोण और शुद्ध सद्भावना है जो हमें आगे बढ़ाती है। नवा रायपुर केंद्र में शताब्दी समारोह की शुरुआत पवित्र साई माह नवंबर के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अस्पताल आगमन से हुई। सौभाग्यम के गर्भगृह में मरीजों से बातचीत करते हुए, उन्होंने भगवान बाबा के परोपकारी कार्यों का बखान किया। उन्होंने संजीवनी को प्रेम और करुणा का केंद्र बताया। वास्तव में सत्य साई संजीवनी अस्पताल विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत में सराहनीय योगदान दिया है। समाज, संस्था और सरकार का संगम संजीवनी में होता है। हमारा लक्ष्य वंचितों तक पहुंचकर उनकी सेवा करना है।

हम चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ भारत का पहला बाल हृदय मुक्त राज्य बने। 13 वर्षों की सेवा के बाद, हमने महसूस किया है कि रायपुर में भारत की बाल हृदय राजधानी बनने की भी क्षमता है। भगवान के सपने भगवान की दिव्य इच्छा के कारण आते हैं। सत्य साई संजीवनी की वसुधैव कुटुंबकम से लेकर सभी को प्यार करो, सभी को सेवा दो से लेकर समस्त लोकाः सुखिनो भवन्तु तक की यात्रा में; वहां केवल प्यार है। प्यार ही प्यार को जन्म देता है। बता दें कि साल 1944 में साई बाबा के भक्तों ने उनके लिए एक मंदिर बनवाया। साल 1948 में पुट्टपर्ती में एक बड़ा आश्रम बना, जिसे प्रशांति निलयम कहा गया। यही उनके जीवन का मुख्य केंद्र बन गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवंबर को पुट्टपर्थी का दौरा किया था, जिसे 'शक्तिस्वरूपिणी दिवस' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि श्री सत्य साई बाबा प्रेम और करुणा के अवतार थे। यह जानकर प्रसन्नता हुई कि 140 देशों के लाखों भक्त उनकी महासमाधि के बाद भी निःस्वार्थ सेवा के उनके मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। यह उनके अद्वितीय व्यक्तित्व का परिचायक है। एसएआई का अर्थ है सेवा, आराधना और ज्ञान। बाबा द्वारा की गई इतनी बड़ी परोपकारी सेवा पहले कभी नहीं देखी गई। वे कहा करते थे, मेरा जीवन ही मेरा संदेश ' है। वर्षों के शिक्षा और प्रचार के बाद उन्होंने इस संदेश को संशोधित करके 'आपका जीवन ही मेरा संदेश है' कर दिया। उनके पावन 100वें जन्म दिवस पर आइए हम मन, वचन और कर्म से मानवता की सेवा करने का संकल्प लें। यदि हम उनके मिशन के माध्यम बन सकें, तो यही दिव्य गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

शहीदी दिवस
आचार्य दीप चन्द भारद्वाज



# सनातन संस्कृति की रक्षा को समर्पित रहे गुरु तेग बहादुर

सिक्खों के नौवें गुरु के रूप में विख्यात तेग बहादुर जोकि गुरु हरगोबिंद के सबसे छोटे पुत्र थे, को 1664 ई. में गुरु नियुक्त किया गया। सिख धर्म का प्रचार करने के लिए इन्होंने पूरे भारत का भ्रमण किया। गुरु तेग बहादुर का संपूर्ण जीवन मानवीय मूल्यों और हिंदू धर्म की रक्षा हेतु समर्पित था। हिंद की चादर, भारत का कवच इन उपाधियों से गुरुजी पूरे भारतवर्ष में विख्यात थे। गुरु तेग बहादुर के समय क्रूर अत्याचारी मुगल सम्राट औरंगजेब के अत्याचार अपने चरम पर थे। तलवार के बल पर पैशाची औरंगज़ेब के लिए बाध्य कर रहा था। ऐसी विकट परिस्थितियों में कश्मीरी पंडितों का एक समूह गुरु तेग बहादुर के पास हिंदू धर्म की रक्षा के लिए गया। दया, शनं करुणा शौर्य की प्रतिमूर्ति गुरु तेग बहादुर ने कश्मीरी पंडितों के आग्रह को स्वीकार करके औरंगजेब से टकराने का संकल्प किया। गुरु तेग बहादुर की ख्याति उस समय चारों तरफ थी।

औरंगजेब को जब इस बात का पता चला तो उसने गुरु तेग को अनेक प्रकार से डराने व धमकाने का प्रयास किया। दृढ़ ईश्वर विश्वासी, न्याय प्रिय, करुणा, दया और शौर्य के पुंज तेग बहादुर अपने निर्णय पर अडिग रहे और उन्होंने औरंगजेब द्वारा चलाए जा रहे धर्मांतरण का व्यापक विरोध किया। औरंगजेब ने गुरू बहादुर को झुकाने के लिए उनके साथी भाई मतिदास को आरे से चिरवाया, भाई दयाला को उबलते पानी में फेंक दिया गया, गुरु तेग बहादुर के साथी भाई सती दास को जिंदा जलवा दिया गया। ये सभी मार्मिक हृदय विदीर्ण कर देने वाली भयानक घटनाएं गुरु तेग बहादुर के सामने घटित



हुई, फिर भी हिंदू संस्कृति और धर्म के संरक्षक तेग बहादुर अपने दृढ़ निश्चय से विचलित नहीं हुए। औरंगजेब ने गुरु जी को इस्लाम धर्म स्वीकार करने के लिए मजबूर किया परंतु वह उनके संकल्प और साहस को परास्त नहीं कर सका। औरंगजेब ने गुरु जी के आगे दो शर्तें रखीं कि वे इस्लाम और मृत्यु में से किसी एक का चुनाव कर लें। हिंदू धर्म की रक्षा हेतु इस महान योद्धा ने मृत्यु को चुना पर आततायी औरंगजेब के आगे नतमस्तक नहीं हुए। गुरुजी अंतिम सांस तक धर्मांतरण के विरुद्ध लड़ते रहे। 24 नवंबर 1675 को सिख धर्म के इस महान योद्धा ने दिल्ली के चांदनी चौक पर अपना शीश भी बलिदान कर दिया। दिल्ली का शीशगंज गुरुद्वारा नौ ऐतिहासिक गुरुद्वारों में से एक माना जाता है, यहीं पर गुरुजी ने अपना शीश बलिदान किया था। उनके शरीर को उनके शिष्य आनंदपुर साहिब ले गए, जहां आज गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब स्थित है। सिख धर्म के यह दोनों पवित्र स्थान आज भी गुरु तेग बहादुर के सर्वोच्च बलिदान के साक्षी हैं। गुरु तेग बहादुर युद्धशास्त्र, धर्मशास्त्र के मर्मज्ञ थे। युद्ध में उनकी तलवार (तेग) चलाने की कुशलता को देखकर ही उनके पिता ने उनका नाम तेग बहादुर रखा। 1665 से 1675 तक अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में गुरु तेग बहादुर सिख धर्म के प्रचार और हिंदू धर्म की रक्षा में सदैव तत्पर रहे। गुरुजी के उपदेशों का संग्रह गुरु ग्रंथ साहिब में किया गया है। उन्होंने 700 से अधिक श्लोक लिखे हैं जिन्में ईश्वर, जीवन, मृत्यु और मुक्ति जैसे गहन आध्यात्मिक विषयों पर अपना स्वर्णिम चिंतन प्रस्तुत किया है। गुरु तेग ने केवल न्याय प्रिय मानवाधिकारों के रक्षक तथा बहादुर महान योद्धा थे बल्कि वह आध्यात्मिक चिंतक भी थे। पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में गुरुजी मानव जीवन का लक्ष्य इंगित करते हुए लिखते हैं कि - गुरु गोविन्द गायो नहीं, जनम अकारन कीन। कहो नानक हर भज मना, जहे बिद जल को मीन। अर्थात मनुष्य जीवन प्राप्त करके जिसने श्रेष्ठ गुरु और ईश्वर का आश्रय नहीं लिया उसका जीवन वैसे ही व्यर्थ है जैसे बिना जल के मछली का। मनुष्य को परमार्थ चिंतन के लिए सचेत करते हुए गुरुजी लिखते हैं कि- 'बिरद पयो सूजै नहीं, काल पहुँचियो आन। कहो नानक नर बावरे, क्यों न भजै भगवान।' अर्थात बुढ़ापा आने पर तथा मृत्यु निकट आने पर भी वे मनुष्य पागल हैं जो ईश्वर का भजन नहीं करते। गुरु तेग बहादुर महान निडर, दयावान योद्धा होने के साथ-साथ आध्यात्मिक एवं दार्शनिक चिंतक थे। सर्वोत्तम बलिदान के प्रतीक तेग बहादुर की शौर्य गाथा सिख समाज और हिंदू धर्म के अनुयायियों के लिए प्रेरणा पुंज के समान है।

( लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम



संकलित
दर्शन

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया। यही ज्ञान, भक्ति और कर्म की पूर्णता है।

# गलत काम जीवन की तपस्या बर्बाद कर सकता है



संकलित
प्रेरणा

प्रसंग के अनुसार एक दिन महावीर स्वामी प्रवचन दे रहे थे और सभी शिष्य सुन रहे थे। प्रवचन के बीच-बीच में कुछ शिष्य प्रश्न भी पूछ रहे थे और महावीर जी उनके उत्तर दे रहे थे। एक शिष्य ने पूछा कि व्यक्ति कब अपने आचरण से गिर जाता है? कौन से काम हैं, जिनकी वजह से पतन होता है? क्या कोई एक काम है या कई ऐसे काम हैं? महावीर स्वामी ने कहा कि मैं उत्तर दूं, उससे पहले यहां बैठे अन्य शिष्य इस प्रश्न का उत्तर दीजिए। स्वामी जी की बात सुनकर एक शिष्य ने कहा कि अहंकार पतन का सबसे बड़ा कारण है। एक ने कहा कि कामवासना से सब कुछ बर्बाद हो जाता है। किसी ने लालच को बड़ी बुराई बताया तो किसी ने गुस्से को पतन का कारण बताया। महावीर जी ने सभी की बात ध्यान से सुनी। फिर पूछा कि बताइए अगर आपके पास एक कमंडल है, उसमें पानी भर दें और उसे नदी में छोड़ दें तो क्या वह डूबा जाएगा? शिष्यों ने कहा कि अगर कमंडल का आकार सही है तो वह डूबेगा नहीं, तैरेगा। महावीर जी ने पूछा कि अगर उसमें छेद कर दिया जाए तो? शिष्यों ने कहा कि फिर तो वह डूब ही जाएगा। महावीर जी बोले कि क्या छेद के आकार से कोई फर्क पड़ेगा? शिष्य बोले कि अगर छेद छोटा होगा तो कमंडल थोड़ी देर से डूबेगा और छेद बड़ा होगा तो जल्दी डूब जाएगा। छेद की वजह से कमंडल जरूर डूब जाएगा। महावीर जी ने कहा कि बस यही बात मैं समझाना चाहता हूं। हमारा शरीर एक कमंडल की तरह ही है और बुराइयां छेद की तरह होती हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### वायु प्रदूषण प्राणी जाति के लिए खतरा

दिल्ली और अन्य कुछ राज्यों में बढ़ता वायु प्रदूषण चिंता का विषय बन गया है। कुछ राज्यों में सुबह-सुबह ही शुद्ध साफ-सुथरी हवा के समय प्रदूषित हवा से सामना करना पड़ता है। यहां सुबह की सैर भी अब खतरे से खाली नहीं है। लेकिन सवाल तो यह है कि देश में केंद्र और राज्यों में पर्यावरण विभाग हैं, इसमें मंत्री और अफसरों और अन्य कर्मचारियों को करोड़ों का वेतन और भत्ते भी दिए जाते हैं और आमजन से ग्रीन टैक्स, और न जाने पर्यावरण संरक्षण के लिए टैक्स किसी न किसी रूप में वसूला जाता है लेकिन फिर भी देश में प्रदूषण को रोकने के लिए गंभीरता से काम नहीं किया जा रहा है। क्यों नहीं यह चुनाव में वैसा मुद्दा बनता है जैसे आरक्षण, जातिवाद, धर्म आदि के मसले मुद्दे बन जाते हैं। *-वरुण झा, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# दुनिया ने जलवायु परिवर्तन की बाजी हारी, तापमान बढ़ा

दस साल पहले दुनिया के नेताओं ने एक ऐतिहासिक दांव लगाया था। वर्ष 2015 के पेरिस समझौते का उद्देश्य मानवता को जलवायु परिवर्तन के खतरनाक प्रभावों से बचाने के रास्ते पर लाना था। एक दशक बाद, ब्राजील के बेलेम में आयोजित जलवायु सम्मेलन के बिना निर्णायक कार्रवाई के समाप्त होने के बाद, हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि मानवता यह दांव हार चुकी है। तापमान वृद्धि 1.5° डिग्री सेल्सियस से अधिक होने वाली है। दुनिया और भी अशांत और खतरनाक होती जा रही है। तो, असफलता के बाद क्या होता है? इस प्रश्न का उत्तर देने के हमारे प्रयास ने इस वर्ष की शुरुआत में हैम्बर्ग में एक बैठक के लिए अर्थ लीग- वैज्ञानिकों का एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क जिसके साथ हम काम करते हैं - को एकत्रित किया। इस सवाल का जवाब ढूंढने की हमारी कोशिश ने इस साल की शुरुआत में हैम्बर्ग में अर्थ लीग- वैज्ञानिकों का एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क जिसके साथ हम काम करते हैं- की एक बैठक बुलाई। महीनों के गहन विचार-विमर्श के बाद, इस सप्ताह इसके निष्कर्ष प्रकाशित हुए, जिसमें यह परिणाम निकाला गया कि मानवता 'सीमाओं से परे जी रही है'। 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान पर चरम जलवायु घटनाएं, जैसे सूखा, बाढ़, आग और गर्म लहरों की संख्या बढ़ती हैं।



## ऑफ बीट


# क्या कौए सचमुच चतुर और बुद्धिमान होते हैं

यह कोई रहस्य नहीं है कि कौए उल्लेखनीय संज्ञानात्मक क्षमताओं से संपन्न होते हैं। इंटरनेट कौए की आवाज की नकल करने या दिमाग लगाने वाले जटिल गेम को हल करने के वीडियो से भरा पड़ा है। लेकिन क्या ये पक्षी उतने ही बुद्धिमान हैं जितना उन्हें समझा जाता है? कठोर आवरणयुक्त फल तोड़ने वाली पहेली। कौए में बेहतर बुद्धि की अवधारणा का समर्थन करने के लिए सबसे अधिक उद्धृत अध्ययनों में से एक कौए द्वारा फल के कठोर आवरण युक्त फल (नट) को तोड़ने के लिए कारों का इस्तेमाल करना है। 1978 में, कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं ने देखा कि अमेरिकी कौए सड़क पर अखरोट फेंकते थे, फिर उनके किसी कार से कुचले जाने का इंतजार करते थे और फिर टूटे हुए फल खाते थे। हालांकि, शोधकर्ताओं ने पाया कि जब कोई कार आ रही थी तो कौए अपने आवरणयुक्त फल सड़क पर नहीं फेंकते थे। इसके अलावा अध्ययन किए गए 200 मामलों में से, शोधकर्ताओं ने कभी भी किसी कार को किसी फल के आवरण को कुचलते हुए नहीं देखा। इससे पता चला कि यह सिद्धांत कि कौए जानबूझकर कार को अखरोट तोड़ने के रूप में उपयोग कर रहे थे, वास्तव में गलत था।



## ट्रेंड

### जापान से साझेदारी



जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची के साथ सार्थक बैठक हुई। हमने नवाचार, रक्षा, प्रतिभा गतिशीलता आदि क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को गति देने के उपायों पर चर्चा की। एक बेहतर ग्रह के लिए भारत-जापान की मजबूत साझेदारी ज़रूरी है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सिंधी समाज का हक



भारतीय जनता पार्टी हमेशा से सिंधी समाज के हक और उनकी अधिकार के पक्ष में खड़ी रही है। सिंधी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने 1957 में पहला गैर-सरकारी विधेयक पेश कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### देशभर में अफरा-तफरी



एसआईआर के नाम पर देशभर में अफरा-तफरी मचा रखी है। भारत दुनिया के लिए अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर बनाता है, मगर भारत का चुनाव आयोग आज भी काग़ज़ों का जंगल खड़ा करने पर ही अड़ा है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### प्रदूषण नियंत्रण



271 वाटर स्प्रिंकलर्स लगातार 24 घंटे दिल्ली की सड़कों पर लगभग 1 लाख लीटर ट्रीटेड पानी का छिड़काव कर रहे हैं। प्रदूषण नियंत्रण के लिए हर मोर्चे पर हमारी टीमें ऑन-ग्राउंड एक्शन में हैं और पूरी तत्परता से कार्य कर रही हैं।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# ऑस्ट्रेलियाई ओपन : लक्ष्य सेन बने चैंपियन, 38 मिनट चले मुकाबले में युशी तनाका को हराया

एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारत के लक्ष्य सेन ने 475,000 डॉलर इनामी आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में जापान के युशी तनाका को हराकर सत्र का अपना पहला खिताब जीतकर अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर मुश्किल दौर का अंत किया। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद खराब दौर से गुजरने वाले अल्मोड़ा के 24 वर्षीय खिलाड़ी सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 26 वर्षीय तनाका को 38 मिनट में 21-15, 21-11 से हराया।

### बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीतने वाले बने दूसरे भारतीय

*लक्ष्य ने कहा, 'इस सत्र में मैंने काफी उतार-चढ़ाव देखे। सत्र की शुरुआत में कुछ चोटें भी लगीं। लेकिन मैंने पूरे सत्र में कड़ी मेहनत की और अब जीत के साथ सत्र का अंत करके मैं बहुत खुश हूं। मैं बहुत उत्साहित हूं और अगले सत्र का इंतजार कर रहा हूं। इस टूर्नामेंट में मैंने जिस तरह का प्रदर्शन किया उससे वास्तव में मैं बहुत खुश हूं।'*



### खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय

*विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने इससे पहले आखिरी बार 2024 में लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल में सुपर 300 खिताब जीता था। वह इस साल सितंबर में हांगकांग सुपर 500 में उपविजेता रहे थे। इस वर्ष ऑलियंस मास्टर्स सुपर 300 खिताब जीतने वाले विश्व के 26वें नंबर के खिलाड़ी तनाका का सामना करते हुए लक्ष्य ने शानदार नियंत्रण और तेजतर्रार खेल का नमूना पेश किया तथा एक भी गेम गंवाए बिना मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत से मौजूदा राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन लक्ष्य इस सत्र में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय बन गए। इससे पहले आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट जीता था।*

### लक्ष्य ने की आत्मविश्वास से भरी शुरुआत

लक्ष्य ने आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की और 6-3 की बढ़त बना ली, जबकि तनाका ने कई गलतियां कीं। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और तनाका ने अंतर 7-9 कर दिया, लेकिन जापानी खिलाड़ी ने एक और शॉट नेट पर उलझा दिया, जिससे भारतीय खिलाड़ी ने इंटरवल तक तीन अंक की बढ़त हासिल कर ली। लक्ष्य का हौसला बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में भारतीय दर्शक मौजूद थे और इस खिलाड़ी ने उन्हें निराश नहीं किया। तनाका ने अपने जोरदार स्मैश और लक्ष्य की एक गलती का फायदा उठाकर स्कोर 12-13 कर दिया। लेकिन लक्ष्य ने जापान के खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया तथा बैकहैंड स्मैश और एक और जबरदस्त क्रॉस-कोर्ट विनर के साथ 17-13 से चार अंकों की बढ़त बना ली। लक्ष्य ने इसके बाद पांच गेम प्वाइंट हासिल किए और तनाका की एक और गलती से पहला गेम अपने नाम कर दिया।

## खबर संक्षेप

FIH HOCKEY JUNIOR WORLD CUP

### 28 नवंबर से जूनियर हॉकी विश्व कप, फ्री मिलेंगे टिकट

**मदुरै।** हॉकी इंडिया ने 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक होने वाले पुरुष जूनियर विश्व कप के मैच देखने के लिए मुफ्त टिकटों की घोषणा की। इस टूर्नामेंट के मैच चेन्नई में भी खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता में कुल 24 टीमें भाग लेंगी, जिससे यह जूनियर विश्व कप के इतिहास का सबसे बड़ा टूर्नामेंट बन जाएगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, 'मुफ्त टिकट की पेशकश करके हमारा उद्देश्य तमिलनाडु और उसके बाहर के छात्रों, युवा खिलाड़ियों, परिवारों और हॉकी प्रेमियों के लिए दरवाजे खोलना है।' उन्होंने कहा गया कि वर्चुअल फ्री टिकट टिकट जीनी वेबसाइट या हॉकी इंडिया ऐप से बुक किए जा सकते हैं।

### एएफसी महिला चैंपियंस लीग से बाहर ईस्ट बंगाल



**वुहान।** ईस्ट बंगाल की टीम उज्बेकिस्तान की पीएफसी नसाफ के हाथों 0-3 से हारकर एएफसी महिला चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण से बाहर हो गई। विजेता टीम के लिए दियोराखोन खाबीबुल्लाएवा (18वें और 90+8) ने दो गोल किए, जबकि जरीना नोरबोएवा ने 52वें मिनट में गोल किया। ईस्ट बंगाल ने इस टूर्नामेंट में अपने पहले अभियान का अंत तीन अंकों के साथ किया। यह टीम के लिए तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के रूप में आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। ईस्ट बंगाल ने इससे पहले ग्रुप बी में ईरान की बाम खातून एफसी को 3-1 से हराया था और चीन की वुहान जियांगडा एफसी से 0-2 से हार गई थी। इस जीत से उज्बेकिस्तान की टीम ने चार अंक के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

### देवंदा ने बनाया रिकॉर्ड जीती अल्ट्रा चैंपियनशिप



**नई दिल्ली।** भारत के अमर सिंह देवंदा ने बैंकॉक में आयोजित एशिया ओशिनिया 100 किमी अल्ट्रा चैंपियनशिप में 6:59:37 (छह घंटे, 59 मिनट और 37 सेकंड) का राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय निकालकर जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता का आयोजन इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ अल्ट्रारनर्स ने किया था। अमर इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 11 सदस्यीय भारतीय दल का हिस्सा हैं। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने कहा, 'अमर सिंह देवंदा ने भारत के लिए इतिहास रच दिया। उन्होंने 6:59:37 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय के साथ एशिया ओशिनिया 100 किमी अल्ट्रा चैंपियनशिप जीत ली।' अन्य सदस्यों में सौरव कुमार रंजन, गीनो एंटनी, वेलु पेरुमल, योगेश सनप, जयद्रथ, आरती झंवर, रणजी सिंह, सिंधु उमेश, नामग्याल ल्हामो और तेनजिन डोल्मा शामिल हैं।

### गुवाहाटी टेस्ट दूसरा दिन: मुथुसामी ने जड़ा अपने टेस्ट करियर का पहला शतक


# साउथ अफ्रीका ने कसा शिकंजा, खड़ा किया 489 का स्कोर, 480 रनों से पीछे टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

सेनुरन मुथुसामी ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक लगाया जबकि मार्को यानसन केवल सात रन से यह उपलब्धि हासिल करने से चूक गए लेकिन इन दोनों की शानदार पारियों की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ दूसरे एवं अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन रविवार को अपनी पहली पारी में 489 रन का विशाल स्कोर बनाया। मुथुसामी ने 206 गेंद पर 109 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और दो छक्के शामिल हैं। यानसन ने भारतीय स्पिनरों को निशाने पर रखकर 91 गेंद पर छह चौकों और सात छक्कों की मदद से 93 रन की तूफानी पारी खेली। इन दोनों ने आठवें विकेट के लिए 97 रन जोड़कर दक्षिण अफ्रीका का बड़ा स्कोर सुनिश्चित किया। भारत ने इसके जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में 6.1 ओवर में बिना किसी नुकसान के नौ रन बनाए हैं। यशस्वी जायसवाल (नाबाद सात) और केएल राहुल (नाबाद दो) बनाकर पिच पर है।

### यानसन ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

*साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज मार्को यानसन ने भारत के खिलाफ गुवाहाटी टेस्ट में इतिहास रच दिया। उन्होंने साउथ अफ्रीका की पहली पारी में जबरदस्त खेल दिखाते हुए आतिशी अर्धशतक लगाया। यानसन 93 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 91 गेंद का सामना किया और छह चौके व सात छक्के लगाए। यह उनका टेस्ट क्रिकेट में भी सर्वोच्च स्कोर रहा। मार्को यानसन ने सात छक्कों के जरिए वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। वे टेस्ट में नंबर नौ पर खेलते हुए एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने। दिलचस्प बात है कि भारत के खिलाफ गुवाहाटी टेस्ट से पहले यानसन के नाम 31 टेस्ट पारियों में केवल छह ही छक्के थे।*



सेनुरन मुथुसामी | मार्को यानसन

**मुथुसामी ने हासिल की बड़ी उपलब्धि** : सेनुरन मुथुसामी टेस्ट क्रिकेट में नंबर 7 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए भारत के खिलाफ शतक लगाने वाले साउथ अफ्रीका के तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले ये कारनामा क्विंटन डी कॉक ने 2019 में किया था। उस मैच में उन्होंने 111 रन बनाए थे। वहीं लांस क्लूजनर 1997 में केपटाउन में ये कारनामा किया था।

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारक्रम बो बुमराह | 38 | 81 | 5 | 0 |
| रिकलटन का पंत बो कुलदीप | 35 | 82 | 5 | 0 |
| स्टब्स का राहुल बो कुलदीप | 49 | 152 | 4 | 2 |
| बावुमा का जायसवाल बो जडेजा | 41 | 92 | 5 | 0 |
| जॉर्जी का पंत बो सिराज | 28 | 59 | 3 | 1 |
| मुल्डर का जायसवाल बो कुलदीप | 13 | 18 | 2 | 0 |
| मुथुसामी का जायसवाल बो सिराज | 109 | 206 | 10 | 0 |
| काइल वेरेने स्ट पंत बो जडेजा | 45 | 122 | 5 | 0 |
| मार्को यानसेन बो कुलदीप | 93 | 91 | 6 | 7 |
| सिमोन हार्मर बो बुमराह | 05 | 25 | 0 | 0 |
| केशव महाराज नाबाद | 12 | 31 | 0 | 1 |
| अतिरिक्त : 21 | | | | |
| कुल योग : 151.1 ओवर में 489 रन पर सभी आउट | | | | |
| गेंदबाजी : बुमराह 32-10-75-2, सिराज 30-5-106-2, रेड्डी 6-0-25-0, सुंदर 26-5-58-0, कुलदीप 29.1-4-115-4, जडेजा 28-2-94-2 | | | | |
| भारत की पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
| जायसवाल खेल रहे हैं | 07 | 23 | 1 | 0 |
| राहुल खेल रहे हैं | 02 | 14 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त : 00 | | | | |
| कुल योग : 6.1 ओवर में बिना विकेट गंवाए 09 रन | | | | |
| गेंदबाजी : मार्को यानसेन 3.1-1-9-0, वियान मुल्डर 3-3-0-0, | | | | |

### मुशफिकुर रहीम ने ठोका शतक

# आयरलैंड को हराकर बांग्लादेश ने सीरीज की क्लीन स्वीप



एजेंसी ▶▶| मीरपुर

मुशफिकुर रहीम ने अपने 100वें टेस्ट में शतक जड़ा, जिससे बांग्लादेश ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 217 रन से जीत हासिल कर श्रृंखला में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। मुशफिकुर ने पहली पारी में 106 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में नाबाद 53 रन की पारी खेली, जिससे उन्होंने मैच में कुल 159 रन बनाए जबकि लिटन दास ने 128 रन की शतकीय पारी खेली। इससे मेजबान टीम ने पहली पारी में 476 रन बनाए। आयरलैंड के ऑफ-स्पिनर एंडी मैकब्राइन ने 109 रन पर छह विकेट झटककर बांग्लादेश को 500 रन से पहले ही रोक दिया। लेकिन ताइजुल इस्लाम ने दोनों पारियों में 76 और 94 रन देकर चार चार विकेट झटके। इससे वह 250 टेस्ट विकेट तक पहुंचने वाले पहले बांग्लादेशी गेंदबाज बन गए।

### आयरलैंड पहली पारी में 265 रन पर सिमटी

आयरलैंड की टीम पहली पारी में 265 रन पर सिमट गई। लेकिन बांग्लादेश ने फॉलो-ऑन नहीं दिया। दूसरी पारी में शादमान इस्लाम (78) और महमूदुल हसन जॉय (60) ने मिलकर 119 रन की भागीदारी निभाई। इसके बाद मोमिनुल हक ने 87 रन बनाए, जिससे बांग्लादेश ने चार विकेट पर 297 रन पर पारी घोषित कर दी। अब आयरलैंड को जीत के लिए 509 रन का मुश्किल लक्ष्य मिला। आयरलैंड की जोड़ी हैरी टेक्टर (50) और कर्टिस कैंपर (नाबाद 71 रन) ने डटे रहकर मैच को पांचवें दिन तक पहुंचाया। लेकिन उसकी दूसरी पारी 291 रन पर खत्म हुई। बांग्लादेश ने पहला मैच पारी और 47 रन से जीता था। दोनों टीमें अब 29 नवंबर से चटगांव में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेंगी।

# पिता की तबीयत खराब के चलते स्मृति मंधाना की शादी टली



भाषा ▶▶| सांगली

स्मृति मंधाना के पिता श्रीनिवास के बीमार पड़ने के कारण भारतीय महिला टीम की इस दिग्गज क्रिकेटर और संगीतकार पलाश मुच्छल की शादी को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। मंधाना और पलाश की शादी रविवार (23 नवंबर) को होनी थी। मंधाना अपने पिता से भावनात्मक रूप से जुड़ी हुई हैं, जो उनके क्रिकेट करियर में लगातार उनका साथ देते रहे हैं। मंधाना के प्रबंधक तुहिन मिश्रा ने बताया कि विश्व कप विजेता क्रिकेटर के पिता को रविवार सुबह अचानक स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो गई। मिश्रा ने कहा, '' स्मृति मंधाना के पिता श्रीनिवास मंधाना आज सुबह नाश्ता करते समय तबीयत बिगड़ने लगी। हमने सोचा कि वह जल्द ही ठीक हो जाएंगे, लेकिन उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। इसलिए हमने एम्बुलेंस बुलाई और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वह चिकित्सकों की निगरानी में है।'' मिश्रा ने कहा कि पिता की स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए मंधाना ने उनके ठीक होने तक अपनी शादी स्थगित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, '' मंधाना अपने पिता के बहुत करीब हैं। इसलिए उन्होंने शादी को तब तक के लिए स्थगित करने का फैसला किया है जब तक उनके पिता ठीक नहीं हो जाते।''


# कल से सैयद मोदी चैंपियनशिप ओकुहारा, प्रणय लेंगे हिस्सा

एजेंसी ▶▶| लखनऊ



पूर्व चैंपियन किदांबी श्रीकांत, ओलंपियन नोजोमी ओकुहारा और एचएस प्रणय जैसे दिग्गज अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मंगलवार से शुरू हो रही सैयद मोदी इंडिया अंतरराष्ट्रीय एचएसबीसी विश्व टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए तैयार है। मौजूदा महिला युगल चैंपियन तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी इस चैंपियनशिप में वापसी करेंगी। इस प्रतियोगिता में प्रियांशु राजावत, तन्वी शर्मा, अनमोल खरब और उन्नति हुड्डा जैसी उभरती हुई भारतीय प्रतिभाएं भी शामिल हैं। प्रतियोगिता में भारत के 152 खिलाड़ियों का सबसे बड़ा दल भाग ले रहा है। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल ने रविवार को घोषणा की कि कुल 240,000 डॉलर की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। क्वालीफायर और मुख्य ड्रॉ के चुनिंदा मैच मंगलवार को खेले जाएंगे, जबकि इसका फाइनल 30 नवंबर को होगा। पांचों स्पर्धाओं (पुरुष और महिला एकल, पुरुष और महिला युगल और मिश्रित युगल) में 32 खिलाड़ियों (या जोड़ियों) के बीच मुकाबला होगा, जिसमें 28 को सीधे प्रवेश मिलेगा जबकि चार क्वालीफायर के जरिए रास्ता बनाएंगे।

### महिला वॉलीबॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप



एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में रविवार को वॉलीबॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप के महिला फाइनल में लातविया की टीना ग्राउडिना, क्रिस्टन नुस (बाएं) और यूएस की टैरिन ब्रेशर के खिलाफ ब्लॉक करती हुईं।

### अभिनव देशवाल ने बधिर ओलंपिक में 25 मी पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता

**तोक्यो।** अभिनव देशवाल ने रविवार को यहां बधिर ओलंपिक खेलों में क्वालिफिकेशन में रिकॉर्ड के साथ 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम कर भारत के लिए निशानेबाजी में 15वां पदक जीता। उन्होंने फाइनल में 44 का स्कोर बनाकर दक्षिण कोरिया के सेउंग ह्वा ली को हराया जिन्होंने 43 का स्कोर बनाया। यूक्रेन के सेरही फॉर्मिन ने कांस्य पदक जीता। भारतीय निशानेबाज चेतन हनमंत सपकाल पांचवें स्थान पर रहे। अभिनव ने फाइनल की शुरुआत पांच परफेक्ट हिट के साथ की। फिर दूसरी सीरीज में चार और हिट लगाए। उन्होंने 20 में से अगले 18 शॉट लगाए जिसमें परफेक्ट फाइव की दो सीरीज और चार हिट के दो राउंड शामिल थे। 10वें और आखिरी राउंड में अभिनव ने तीन शॉट लगाए जो फाइनल में उनका सबसे कम स्कोर था लेकिन स्वर्ण पदक जीतने के लिए यह काफी था।

### नेपाल की टीम अपनी पारी में केवल एक चौका ही लगा सकी

# भारत ने जीता पहला दृष्टिबाधित टी20 महिला क्रिकेट विश्व कप

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारत ने टी20 दृष्टिबाधित महिला विश्व कप फाइनल में रविवार को पी सारा ओवल मैदान में नेपाल को सात विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट विश्व कप का यह पहला आयोजन है। भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए नेपाल को पांच विकेट पर 114 रनों पर रोक दिया और फिर महज 12 ओवरों में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर खिताब अपने नाम कर लिया। भारत का इस मैच पर दबदबा इतना था कि नेपाल की टीम अपनी पारी में केवल एक चौका ही लगा सकी। फुला सरेन नाबाद 44 रनों की पारी के साथ भारत की सर्वोच्च स्कोरर रही।



### यह एक ऐतिहासिक जीत कप्तान दीपिका

खिताबी जीत के बाद टीम की कप्तान दीपिका टीसी ने कहा, 'हमें अत्यधिक गर्व महसूस हो रहा है और यह एक ऐतिहासिक जीत है। हमारी पूरी टीम ने इस उपलब्धि के लिए कड़ी मेहनत की है। यह एक बेहद मजबूत टीम है, और अब अन्य टीमें हमारे साथ खेलने से कतराती हैं। हम तो अब पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के साथ भी खेलने के लिए तैयार हैं।'

### सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था

भारत ने इससे पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि नेपाल ने शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को हराया था। सह-मेजबान श्रीलंका शुरुआती चरण के पांच मैचों में सिर्फ एक मैच (अमेरिका के खिलाफ) ही जीत सका। पाकिस्तान की बी3 (आंशिक रूप से दृष्टिबाधित) खिलाड़ी मेहरीन अली छह टीमों के टूर्नामेंट में सबसे सफल बल्लेबाज रही। उन्होंने 600 से अधिक रन बनाए, जिसमें श्रीलंका के खिलाफ 78 गेंदों में खेली गई 230 रनों की पारी भी शामिल है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




## सिंध को लेकर पाकिस्तान को रक्षामंत्री की चेतावनी

# कब बॉर्डर बदल जाए ये कोई नहीं जानता: राजनाथ सिंह

**आज सिंध भारत से अलग, हो सकता है कल ये वापस आ जाए**

**पीओके में लोग खुद आवाजें उठाने लगे हैं और 'आजादी' की मांग कर रहे हैं**

रक्षा मंत्री ने इशारों-इशारों में पाकिस्तान का नाम लिए बिना उसे बड़ी चेतावनी देते हुए सिंध प्रांत को लेकर बड़ा बयान दिया। भले ही सिंध की जमीन भारत की राजनीतिक सीमा में शामिल नहीं है, सभ्यता-सांस्कृतिक दृष्टि से सिंध हमेशा भारत का अभिन्न हिस्सा माना जाता रहा है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज भले ही सिंध भारत का हिस्सा नहीं है, लेकिन सीमाएं कभी भी बदल सकती हैं और हो सकता है कि सिंध फिर भारत में लौट आए। एक कार्यक्रम में उन्होंने सिंध के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को याद किया। बता दें, सिंध क्षेत्र 1947 के बंटवारे के बाद पाकिस्तान में चला गया था। वहां रहने वाले ज्यादातर सिंधी हिंदू भारत आ गए। राजनाथ सिंह ने कहा कि एलके आडवाणी ने अपनी किताब में लिखा है कि उनकी पीढ़ी के सिंधी आज भी सिंध के भारत से अलग होने को स्वीकार नहीं कर पाए हैं। उन्होंने बताया कि भारत के हिंदुओं के लिए सिंधु नदी हमेशा पवित्र रही है और सिंध के कई मुसलमान भी इसकी पवित्रता को आब-ए-जमजम जितना पवित्र मानते थे।

### सभ्यता से सिंध हमेशा भारत का हिस्सा

राजनाथ ने कहा कि आज सिंध भूगोल से भले ही भारत में नहीं है, लेकिन सभ्यता और संस्कृति से वह हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा। रक्षा मंत्री ने मोरक्को में कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत को बिना किसी आक्रामक कदम के मिल जाएगा। पीओके में लोग खुद आवाजें उठाने लगे हैं और 'आजादी' की मांग कर रहे हैं।

**» विभाजन के बाद सिंधी समाज ने भारत में शून्य से शुरुआत की**

**» भारत की अर्थव्यवस्था में सिंधी समाज ने विशेष योगदान दिया**



### रक्षा मंत्री ने किया आडवाणी की किताब का जिक्र

*केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली के विज्ञान भवन में विश्व सिंधी हिंदू फाउंडेशन ऑफ एसोसिएशन (वीएसएचएफए) द्वारा आयोजित 'सशक्त समाज-समर्थ भारत' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा' मैं यहां लाल कृष्ण आडवाणी का भी जिक्र करना चाहूंगा। उन्होंने अपनी एक किताब में लिखा है कि सिंधी हिंदू, खासकर उनकी पीढ़ी के लोग, अभी भी सिंध के भारत से अलग होने को स्वीकार नहीं कर पाए हैं। सिर्फ सिंध में ही नहीं, बल्कि पूरे भारत में हिंदू सिंधु नदी को पवित्र मानते थे। सिंध के कई मुसलमान भी मानते थे कि सिंधु नदी का पानी मक्का के आब-ए-जमजम से कम पवित्र नहीं है। यह आडवाणी का कथन है।*

### सिंध के हमारे लोग जो सिंधु नदी को पवित्र मानते हैं

राजनाथ ने कहा कि आज सिंध की जमीन भारत का हिस्सा भले न हो, लेकिन सभ्यता की दृष्टि से सिंध हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा। और जहां तक जमीन का सवाल है, सीमाएं बदल सकती हैं। कौन जाने, कल सिंध फिर से भारत में आ जाए। उन्होंने कहा कि सिंध के हमारे लोग जो सिंधु नदी को पवित्र मानते हैं, हमेशा हमारे अपने रहेंगे। चाहे वो कहीं भी हों वो हमेशा हमारे रहेंगे।

### सिंध प्रांत की कहानी

1947 में जब भारत-पाकिस्तान का बंटवारा हुआ तो हजारों साल पुराना और 2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला थार रेगिस्तान भी इसकी भेंट चढ़ गया। ये बंटवारा महज रेगिस्तान की धूल भर का नहीं था। इस बंटवारे के बाद हुए पलयान से पूरे सिंध की खुशहाली और तरक्की हिंसा और गरीबी में तब्दील हो गई। मिडिल क्लास हिंदू सिंध छोड़कर भारत चले गए।

### परिश्रम और साहस से सफलता के आयाम बनाए

विभाजन के बाद सिंधी समाज ने भारत में शून्य से शुरुआत की, लेकिन अपने परिश्रम और साहस से सफलता के नए आयाम स्थापित किए। आज भारत ही नहीं, दुनिया भर में सिंधी समुदाय समाज निर्माण के विभिन्न कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इतिहास गवाह है कि भारत की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी इन्होंने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है।

### हिंदू-मुस्लिमों ने मिलकर लड़ी थी अलग सिंध की लड़ाई

1936 तक गुजरात और महाराष्ट्र के साथ सिंध भी बॉम्बे प्रोविंस का हिस्सा हुआ करता था। इसे अलग प्रोविंस बनवाने के लिए सिंध के मुस्लिमों और हिंदुओं ने मिलकर आंदोलन किया था। सिंध में रहने वाले लोगों का कहना था कि मराठी और गुजरातियों के दबदबे के चलते उनके हकों और परंपराओं को दरकिनार किया जा रहा है। 1913 में हरचंद्राई नाम के हिंदू ने ही सिंध के लिए एक अलग कांग्रेस असेंबली की मांग की थी। 1936 में सिंध के प्रांत बनते ही वहां की राजनीतिक आबोहवा बदल गई थी।




### इजरायल की गाजा में बमबारी में 24 की मौत

**येरुशलम।** अमेरिका द्वारा कराए गए युद्धविराम के बावजूद इस्राइल ने गाजा पर फिर एयर स्ट्राइक कर दी। इस बमबारी में 24 लोगों की मौत हो गई और 54 से ज्यादा लोग घायल हैं। इस्राइली सेना ने दावा किया कि ये हमले उन हमास लड़ाकों के जवाब में किए गए, जिन्होंने संघर्षविराम के बावजूद इस्राइल-नियंत्रित क्षेत्र में घुसकर सैनिकों पर गोली चलाई। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि कार्रवाई में हमास के पांच वरिष्ठ सदस्य मारे गए, जबकि हमास ने आरोप लगाया कि इस्राइल बहाने बनाकर युद्ध फिर शुरू करना चाहता है। पहले बुधवार को भी आईडीएफ ने गाजा में हमले कर 25 लोगों को मार दिया था।

### कनाडा में गायब हुए पाक फ्लाइट अटेंडेंट

**कराची।** पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) के एक सीनियर फ्लाइट अटेंडेंट आसिफ नजम कनाडा में गायब हो गए हैं। वे 16 नवंबर 2025 को लाहौर से टोरंटो (फ्लाइट पीके-789) पहुंचे थे। उन्हें 19 नवंबर को वापसी फ्लाइट पीके-798 पर ड्यूटी करनी थी, लेकिन वो ड्यूटी पर नहीं आए। जब एयरलाइन ने उन्हें फोन कर नहीं आने का कारण पूछा तब आसिफ ने तबीयत खराब होने का बहाना बनाया। इसके बाद आसिफ का फोन स्विच ऑफ हो गया। उनका अबतक कुछ पता नहीं चला है। पीआईए ने इसकी जांच शुरू कर दी है। पीआईए ने कहा है कि अगर आसिफ के गैरकानूनी तरीके से गायब होने की बात सामने आई तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

### पूर्व नेपाली पीएम ओली ने पार्टी की फोर्स बनाई

**नई दिल्ली।** नेपाल के पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली ने अपनी पार्टी सीपीएल-यूएमएल के लिए एक सिक्योरिटी फोर्स 'नेशनल वॉलंटियर सर्विस' बनाने की घोषणा की है। ओली ने कहा कि देश में सुरक्षा व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है। उन्होंने सरकार पर लोगों, मीडिया और पेशेवरों की सुरक्षा करने में नाकाम रहने का आरोप लगाया है। ओली ने कहा कि अब उनकी पार्टी खुद आगे बढ़कर सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेगी। प्रदर्शनों के बाद ओली को पीएम इस्तीफा देना पड़ा था। यूएमएल कार्यकर्ताओं और युवा समूहों के बीच कई झड़पें हो चुकी हैं। पिछले हफ्ते साउथ नेपाल में यूएमएल की रैली के तुरंत बाद जेईएन- जेड ग्रुप और यूएमएल कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए थे।

